
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



24 को आउट होगा छोटे मियां बड़े मियां का टीजर ........

रश्मिका थप्पड़ सीन में हुई थी परेशान....

वर्ष : 10 | अंक : 43 | लखनऊ, 21 जनवरी, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 17.c

न्यूनतम तापमान 8.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

संसेक्स 71,657.71

निफटी 21,618.70

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चेन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की शुरूआत की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने, खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने और भारत को वैश्विक खेल पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बनाने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां खेलो इंडिया यूथ गेम्स की शुरूआत की और दावा किया कि पिछली संप्रग सरकार के दौरान खेल से संबंधित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों को देखते हुए गत 10 वर्षों में उनकी सरकार ने खेलों में खेल को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि कई लोग आश्चर्यचकित थे कि 2014 के बाद से भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन में जबरदस्त सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत ने तोक्यो और पैरालिंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जबकि एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों में इतिहास रचा। मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में, सरकार ने सुधार किए, खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया और पूरा खेल परिदृश्य बदल गया।

उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभा और जुनून में कभी कोई कमी नहीं रही, बल्कि पिछले 10 वर्षों में उन्हें नया आत्मविश्वास मिला है तथा हर कदम पर सरकार का सहयोग मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के कई खिलाड़ी खेलों में कमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि तमिलनाडु की धरती से आप सभी को और अधिक प्रेरणा मिलेगी... आज हम आपके खेलों में आने का इंतजार नहीं कर रहे हैं, हम खेलों को आप तक ले जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि खेलो इंडिया जैसी पहल गरीब, आदिवासी और निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों के युवाओं के सपनों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भारत में 2029 यूथ ओलंपिक और 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए प्रयास कर रही है। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे एक साथ मिलकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय खेलों के मद्देनजर 2024 की शुरूआत के लिए यूथ गेम्स सर्वश्रेष्ठ तरीका है। खेलों की शुरूआत के लिए पारंपरिक मशाल प्रज्वलित कर मोदी ने कहा कि अनुमान है कि आने वाले वर्षों में भारतीय खेल उद्योग का आकार लगभग एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, तमिलनाडु का आतिथ्य सत्कार आपका दिल जीत लेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया गेम्स निश्चित रूप से खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने दूरदर्शन चैनल डीडी पोधिगई के नये अवतार डीडी तमिल की शुरूआत की।

## उचित महत्व नहीं मिला तो टीएमसी बंगाल में सभी लोकसभा सीट पर लड़ने के लिये तैयार: ममता

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** सीटों के बंटवारे को लेकर पश्चिम बंगाल में विपक्षी गठबंधन इंडिया के भीतर चल रहे घमासान के बीच, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि अगर उचित महत्व नहीं दिया गया, तो उनकी पार्टी राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने पार्टी की मुर्शिदाबाद जिला इकाई की बंद दरवाजे में हुई संगठनात्मक बैठक के दौरान अपना रुख व्यक्त किया। मुर्शिदाबाद एक महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक आबादी वाला क्षेत्र है और पारंपरिक रूप से कांग्रेस के गढ़ के रूप में देखा जाता है। बैठक के दौरान उन्होंने जिले की तीनों लोकसभा सीटों पर टीएमसी की जीत की जरूरत पर जोर देते हुए पार्टी नेताओं से चुनावी लड़ाई के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

कांग्रेस 2019 के चुनावों में केवल बहरामपुर सीट को बरकरार रखने में कामयाब रही, जहां से उसके पांच बार के सांसद और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी खड़े थे। टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न जाहिर करने का अनुरोध करते हुए कहा, हमारी पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि टीएमसी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सबसे महत्वपूर्ण भागीदारों में से एक है, लेकिन बंगाल में अगर हमें बाहर कर आरएसपी, भाकपा, माकपा को ज्यादा महत्व दिया गया, तो हम अपना रास्ता खुद बनाएंगे और सभी 42 सीटों पर लड़ने और जीतने की तैयारी करनी चाहिए। माकपा के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा, कांग्रेस और टीएमसी सामूहिक रूप से विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं।

पश्चिम बंगाल में हालांकि माकपा और कांग्रेस ने टीएमसी और भाजपा के खिलाफ गठबंधन किया है। एक अन्य टीएमसी नेता ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा, पार्टी प्रमुख ने कहा कि हमें तीनों लोकसभा सीटें जीतने के लिए तैयारी करने की जरूरत है। जब हमारे एक विधायक हुमायूं कबीर ने बताया कि अधीर चौधरी अल्पसंख्यक बहुल जिले में एक कारक हैं, तो बनर्जी ने इस दावे को ज्यादा महत्व देने से इनकार कर दिया और कहा कि अगर टीएमसी एकजुट होकर लड़ाई लड़ेगी, तो उसे सफलता मिलेगी। पश्चिम बंगाल में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर इंडिया के भीतर दरारें स्पष्ट हो गई हैं, खासकर प्रमुख सहयोगियों, कांग्रेस और टीएमसी के बीच।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला: सोनोवाल

**नई दिल्ली,** केंद्रीय मंत्री सवार्नंद सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के साढ़े नौ वर्ष के कार्यकाल के दौरान 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग और आयुष मंत्री ने केंद्रपाड़ा जिले में शुक्रवार को एक जनसभा में कहा कि मोदी के गतिशील और प्रेरक नेतृत्व ने यह सुनिश्चित किया है कि शासन का लाभ समाज में हर व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा, ह्यह्यकांग्रेस सरकार के भ्रष्ट, अक्षम और अज्ञानी शासन के दिन अब अतीत की बात है जिसमें लोग गरीबी और भूख से पीड़ित थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मोदी की गारंटी कार्यक्रम लोगों का कल्याण सुनिश्चित करेगा और अमृत काल के अंत तक एक विकसित भारत यानी एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा। सोनोवाल ने इससे पहले ऑल में लक्ष्मी बराह यहूदी मंदिर के परिसर की सफाई के लिए स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने स्वच्छ तीर्थ अभियान के हिस्से के रूप में श्रमदान किया था। यह स्वच्छता अभियान 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समरोह से पहले मंदिरों की साफ-सफाई के लिए प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान का हिस्सा है।

### हिंदू सेना ने दिल्ली में बदला बाबर रोड का नाम, लिखा अयोध्या मार्ग

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की मुख्य यजमान है। राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश भगवान राम के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। इसी बीच दिल्ली में हिंदू सेना ने एक बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हिंदू सेना के कार्यकताओं ने 20 जनवरी को दिल्ली स्थित बाबर रोड का नाम बदलकर अयोध्या मार्ग कर दिया है। हिंदू सेवा के कार्यकताओं ने दिल्ली स्थित होटल ललित के बाहर लगी बोर्ड पर बाबर रोड की जगह अयोध्या मार्ग का बैनर चस्पा किया है। बता दें कि यह बैनर भगवा रंग का है। बता दें कि कई बार बाबर रोड का नाम बदलने की मांग उठाई जा चुकी है। इससे पहले कई सड़कों के नाम बदले भी जा चुके हैं। औरंगजेब रोड का नाम बदल कर डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम रोड किया गया था। हिंदू सेना कई बार मांग उठा चुकी है कि बाबर रोड समेत अन्य मुगल शासकों के नाम से संबंधित सड़कों के नामों को बदला जाना चाहिए।

### अयोध्या में पूरी है तैयारी

अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन किया जाना है। इस दिन अयोध्या के गर्भगृह में भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नई मूर्ति स्थापित की जा चुके है। मंदिर कैंपस और गर्भगृह में पुरोहितों ने पूजा पाठ के अनुष्ठान किए जा रहे है।


## उपराज्यपाल ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने 2015-16 में शराब विक्रेताओं से पैसे इकट्ठा करने के लिए अपने अधीनस्थ पर दबाव डालने के आरोप में एक आईएएस अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ गृह मंत्रालय को अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश भी की है। उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा, दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने आईएएस अधिकारी अमरनाथ तलवाड़े के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय को सिफारिश की है। तलवाड़े वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में तैनात हैं। अपने ऊपर लगे आरोप पर अधिकारी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। एक शिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि अधिकारी ने 2015-16 में दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम (डीएससीएससी) के वरिष्ठ महाप्रबंधक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान निगम के एक प्रबंधक (अब सेवानिवृत्त) पर शराब विक्रेताओं से अधिक धन इकट्ठा करने के लिए दबाव डाला था।

## भारत तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश अगले तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा। शाह ने सलोनीबारी में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 60वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में शामिल एसएसबी संस्कृति, इतिहास, भौगोलिक स्थिति और को बारीकी से एकीकृत करने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के करीब लाने में एक अद्वितीय भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि सीमाओं की रक्षा के अलावा, एसएसबी के साथ ही अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने छत्तीसगढ़ और झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी रूप से अपना कर्तव्य निभाया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगले तीन साल में देश नक्सल समस्या से 100 प्रतिशत मुक्त हो जाएगा।

शाह ने गुवाहाटी में एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार म्यांमा सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही को बंद करेगी और बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह इसकी सुरक्षा करेगी। असम पुलिस की पांच नव गठित कमांडो बटालिन के प्रथम बैच की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र म्यांमा सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही पर पुनर्विचार कर रहा है। गृह मंत्री ने कहा, भारत-म्यांमा सीमा की सुरक्षा बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह की जाएगी...भारत सरकार म्यांमा सीमा पर मुक्त आवाजाही को बंद करेगी। केंद्र सरकार ने कहा था कि वह म्यांमार के साथ 300 किलोमीटर लंबी बिना बाड़ वाली सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवाजाही व्यवस्था को समाप्त करने की योजना बना रही है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर अंदर तक यात्रा करने की अनुमति देती है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर में शांति व विकास लाने का प्रधानमंत्री का मिशन सफल रहा है।

सोनितपुर के ढेकियाजुली में ऑल बाथौ महासभा के 13वें त्रिवार्षिक सम्मेलन में शाह ने कहा कि कांग्रेस की नीति समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की है, जिसके कारण क्षेत्र में और विशेष रूप से बोडोलैंड में हजारों लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा, जब मैं गृह मंत्री बना, तब बोडो आंदोलन चल रहा था और मैंने पूर्वोत्तर के सबसे बड़े समुदायों में शामिल इस समुदाय की समस्याओं और मांगों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने दावा किया कि पूर्वोत्तर में हिंसा की घटनाओं में 73 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जबकि सुरक्षा कर्मियों की मौत में 71 प्रतिशत और नागरिकों की मौत में 86 प्रतिशत की कमी आई है।

## किसानों के लिए खेती आजीविका का साधन ही नहीं, देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने आधार है: धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि किसानों के लिए खेती आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास का आधार है। धनखड़ शनिवार को रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 38वें स्थापना दिवस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमारे किसान खुशहाल होंगे तो देश खुशहाल होगा। किसानों के लिए खेती आजीविका का साधन ही नहीं अपितु देश की इकॉनामी (अर्थव्यवस्था) को गति प्रदान करने, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास का आधार है। उप राष्ट्रपति ने अन्नदाताओं का अभिनंदन करते हुए करते हुए कहा, कृषि के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी को अपनाकर और किसानों को सहयोग प्रदान कर आने वाली पीढ़ियों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों का आह्वान करते हुए कहा, आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें किसानों का योगदान अतुलनीय है। कृषि के क्षेत्र में विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों के योगदान से इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। 2047 तक विकसित भारत का निर्माण केवल सपना नहीं, हमारा लक्ष्य है। इसे हासिल करने में कृषि के विकास में कृषि वैज्ञानिकों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आज स्टार्टअप के लिए नई संभावनाएं और बेहतर विकल्प हैं। उप राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा, आप किसानों को कृषि उत्पादों के बेहतर प्रचार और कृषि उत्पादों को और अच्छा बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। हमारे किसान भी खेती में ड्रोन तकनीक का उपयोग करें। इसके लिए भी उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। आज भारत तेजी से विकास कर रहा है।

आपके योगदान से विकास की यह रफ्तार और तेज होगी। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए पौधारोपण, खेती में आधुनिक तकनीक के उपयोग, खेती में सौर ऊर्जा के उपयोग, जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। धनखड़ ने कहा, छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बहुल और प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न राज्य है।

## कर्नाटक में 22 जनवरी को सरकारी अवकाश घोषित करने पर अबतक कोई निर्णय नहीं : सिद्धरमैया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को राज्य में सरकारी अवकाश घोषित करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। बाईस जनवरी को सरकारी छुट्टी घोषित करने की भाजपा की मांग पर सिद्धरमैया ने कहा कि उन्होंने अबतक कोई ऐसा अनुरोध पत्र नहीं देखा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, अबतक तो नहीं। हम देखेंगे। मैंने ऐसा कोई पत्र अबतक नहीं देखा है। हम देखेंगे। पत्रकारों ने उन्हें (सिद्धरमैया को) बताया कि कर्नाटक विधानपरिषद में विपक्ष के नेता कोटा श्रीनिवास पुजारी ने उन्हें इस संबंध में एक पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने भी ऐसी ही मांग रखी है। सिद्धरमैया ने कहा, अबतक तो नहीं। हम देखेंगे। मैंने अबतक पत्र नहीं देखा है। देखते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अयोध्या जायेंगे, तो उन्होंने कहा, जब मैंने पहले ही कह दिया है कि मैं किसी और दिन वहां जाऊंगा, तो आप यह प्रश्न क्यों दोहरा रहे हैं? मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि वह अयोध्या जायेंगे, लेकिन 22 जनवरी को नहीं।

## अयोध्या धाम में मंदिर होंगे स्वच्छ, ईश के चरणों में चढ़े फूलों से बनाई जाएगी धूप

**अयोध्या नगर निगम की पहल, राम जन्मभूमि मंदिर और अन्य मंदिरों के फूलों को किया जाएगा रिसाइकिल**

**मंदिरों के साथ ही अयोध्या धाम को स्वच्छ बनाए रखने की योगी सरकार की मंशा के अनुरूप हो रहा कार्य**

**प्राण प्रतिष्ठा के बाद परियोजना के तहत बड़ी संख्या में महिलाओं को मिलेगा रोजगार**

**प्रतिदिन 9 मीट्रिक टन फूल वेस्ट रिसाइकिल किए जाने की है उम्मीद**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अयोध्या। अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान और इसके बाद मंदिर में उपयोग होने वाले और श्रीचरणों में चढ़ने वाले फूलों के कारण मंदिर परिसर में गंदगी न हो, इसके लिए अयोध्या नगर निगम ने अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत अयोध्या धाम के सभी मंदिरों में चढ़े फूलों को प्रॉसेस करके धूपबत्ती बनाई जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा में बड़ी तादाद में चढ़ने वाले फूलों को भी नगर निगम इसी तरह प्रॉसेस करेगा, जबकि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद भी मंदिर परिसर में उपयोग होने वाले फूलों से धूपबत्ती बनाई जाएगी, ताकि मंदिर को न सिर्फ स्वच्छ रखा जा सके, बल्कि फूलों की प्रॉसेसिंग के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से भी जोड़ा जा सके। एक आंकलन के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या धाम के सभी मंदिरों से प्रतिदिन 9 मीट्रिक टन फूल वेस्ट रिसाइकिल किए जाने की उम्मीद है, जबकि अभी यह 2.3 मीट्रिक टन ही हो रहा है।

### घर ला सकते हैं भगवान राम का आशीर्वाद

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या जी में हर साल असंख्य तीर्थयात्री आते हैं, जिससे टनों पुष्प अपशिष्ट उत्पन्न होता है। इस पुष्प अपशिष्ट को एकत्र करके इसे प्राकृतिक अगरबत्ती में परिवर्तित किया जाता है। यह पहल, अयोध्या के मंदिर के फूलों को एक नया जीवन प्रदान करती है और पूरे भारत के भक्तों के लिए एक शुभ, सुगंधित अनुभव बनाती है, जो श्री राम जन्मभूमि मंदिर के उत्सव में शामिल हो सकते हैं और अयोध्या जी और भगवान राम का आशीर्वाद घर ला सकते हैं, चाहे वे कहीं से भी हों। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक कार्यक्रम के बाद इस प्रक्रिया में और तेजी लाई जाएगी, क्योंकि 22 के बाद लाखों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालुओं के अयोध्या धाम आने की संभावना है। ये श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में फूलों के माध्यम से अपने आराध्य के प्रति आस्था व्यक्त करेंगे। फूलों के कारण मंदिरों और धाम में कचरे की स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए फूलों की प्रॉसेसिंग के साथ ही धूप बनाने के कार्य में तेजी लाई जाएगी।



### फूलों के संग्रह और पुनर्चक्रण के लिए हुआ एमओयू

एडीए उपाध्यक्ष के ओएसडी विनीत पाठक ने बताया कि 21 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अयोध्या के मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से बनी बांस रहित धूप को लॉन्च किया था। उन्होंने बताया कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश सरकार, अयोध्या नगर निगम और नमामि गंगे कार्यक्रम के समर्थन और मार्गदर्शन के कारण संभव हो पाई है। इसके लिए फूल नाम के संगठन को जिम्मेदारी दी गई है जिसने फूलों के कचरे के संग्रह और पुनर्चक्रण के लिए अयोध्या नगर निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि सौम्य चंदन तेल की सुगंध से युक्त ये धूप पूरी दुनिया में राम जन्म भूमि का आशीर्वाद ले जा रही है। लाखों भारतीयों के दैनिक पूजा अनुष्ठानों के लिए तेजी से उपलब्धता के लिए फूल द्वारा क्यू-कॉम प्लेटफॉर्म और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उत्पाद लॉन्च किए गए हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद होगा विस्तार, मिलेगा रोजगार

प्राण प्रतिष्ठा से पहले अभी वर्तमान में अयोध्या धाम से प्रतिदिन 2.3 मीट्रिक टन अपशिष्ट फूलों का पुनर्चक्रण किया जा रहा है। इसका प्लांट 8000 वर्ग/फीट क्षेत्र में फैला हुआ है। वहीं 20 महिलाएं इस कार्य में लगी हैं। विनीत पाठक ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत भविष्य की कार्ययोजना निर्धारित की गई है। इसके तहत प्रति दिन 9 मीट्रिक टन पुष्प अपशिष्ट का पुनर्चक्रण सुनिश्चित किया जाएगा, जबकि इसके माध्यम से 275 महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। यही नहीं, आगंतुकों के लिए अगरबत्ती बनाने की प्रक्रिया देखने, विधि सीखने और घर पर हस्तनिर्मित अगरबत्ती ले जाने का अनुभव केंद्र जैसी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, तीर्थयात्रियों की संख्या में वृद्धि के साथ अधिक संख्या में फूलों के पुनर्चक्रण के लिए बड़े संयंत्र की स्थापना भी होगी।

दैनिक आधार पर इन मंदिरों से हो रहा फूलों का संग्रह

- हनुमान गढ़ी
- कनक भवन
- नागेश्वर नाथ मंदिर
- श्री काले राम मंदिर
- गोरे राम मंदिर
- बड़े देवकाली मंदिर
- छोटे देवकाली मंदिर
- स्वामीनारायण मंदिर, कनक भवन मंदिर
- प्रभु श्री राम जन्मभूमि मंदिर से पुष्प संग्रह 22 जनवरी से

# दूसरे दलों से जब भी गठबंधन किया धोखा मिला, टूटा कार्यकर्ताओं का मनोबल : मायावती

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर दोहराया है कि वह अब किसी भी दल से चुनावी गठबंधन या समझौता नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि बसपा ने जितनी बार दूसरे दलों से गठबंधन किया उतनी बार धोखा ही खाया है। ऐसे में बसपा को बार-बार हार का सामना करना पड़ा है। इसलिए अब किसी भी दल से गठबंधन करना होशियारी भरा कदम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन के कड़वे अनुभवों के चलते जहां कार्यकताओं का मनोबल टूटता है, वहीं, पार्टी का मिशन भी कमजोर होता है। बसपा सुप्रीमो शनिवार को यहां यूपी और उत्तराखंड के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रही थीं। पिछली बैठकों में दिए गए निदेर्शों की प्रगति रिपोर्ट लेने के बाद उन्होंने कहा कि बसपा सर्वसमाज में पार्टी की पकड़ बढ़ाने के साथ ही संगठन को मजबूत करके पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में उतरेगी। उन्होंने पदाधिकारियों को हर दिन सेक्टर व बूथ स्तर पर छोटी-छोटी कॉडर की मीटिंग करने के निर्देश दिए है। यह मीटिंग प्रत्येक विधानसभा में भी होगा और बैठक में प्रत्येक जातियों को जोड़ने का काम बसपा के पदाधिकारियों और जनल कोआर्डिनेशन को करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है, इसलिए कार्यकताओं पर ही बेहतर परिणाम लाने की जिम्मेदारी है। मायावती ने कहा कि देश भर में कमरतोड़ महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी से करीब 81 करोड़ जनता बेहाल है। मौजूदा सरकार ने इन्हें सरकारी अनाज के भरोसे छोड़ दिया है। इनके स्थाई रोजी-रोटी की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। देश के करोड़ों किसानों, मजदूरों, गरीबों और मेहनतकश लोगों का हित प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इन मुद्दों को लेकर पार्टी कार्यकताओं को जनता के बीच जाने का भी निर्देश दिया है।

### धर्म का राजनीतिकरण ठीक नहीं

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि जिस तरह से पहले राजनीति का अपराधीकरण हुआ और इसके बाद अपराध का राजनीतिकरण किया गया। अब उसी तरह धर्म का भी राजनीतिकरण किया जा रहा है। किसी भी दल का नाम लिए बगैर मायावती ने कहा कि वर्तमान में चुनाव फायदा लेने के लिए जिस तरह से धर्म का राजनीतिकरण किया जा रहा है वह ठीक नहीं है।

## संक्षेप

### हर बस अड्डे पर सुंदरकांड पाठ के बाद बंटेगा प्रसाद

लखनऊ। उप्र प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ लखनऊ हर बस स्टेशन पर उत्सव मनाएगा। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सुंदरकांड के पाठ से लेकर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बस की व्यवस्था के साथ चाय-पानी और प्रसाद व भंडारे का इंतजाम किया गया है। सभी बस स्टेशनों पर पंडाल लगाए जाएंगे। कैसरबाग डिपो में सुधींद्र वर्मा व आमिर जावेद के नेतृत्व में, कमता बस अड्डे पर संजय सिंह व सीके शुक्ला के नेतृत्व में, चारबाग बस स्टेशन पर राकेश कुमार बाली, अजय लाल, बिंदेश्वरी सिंह व सहदेव के नेतृत्व में, आलमबाग बस टर्मिनल और अमौसी बस डिपो में गुरमीत सिंह, मो. करीम व राजेश शुक्ला के नेतृत्व में और अवध डिपो में दानिश उमर, हरिराम व पुष्पेंद्र कुमार के नेतृत्व में आने वाले तीर्थ यात्रियों की सेवा की जाएगी। पूरे कार्यक्रम की निगरानी प्रांतीय संरक्षक मो. नसीम और रूपेश कुमार करेंगे।

### विद्युत खंभे तोड़ने के साथ ही ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त करने की वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर के नादरगंज पावर हाउस में तैनात अवर अभियंता दिनकर यादव ने एक वाहन चालक के खिलाफ विद्युत खंभे तोड़ने के साथ ही ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त करने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवर अभियंता दिनकर यादव का कहना है कि गुरुवार सुबह करीब 6 बजे वाहन संख्या - डीएल 1एमए 9057 के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाकर गिन्दन खेड़ा पुलिया के पास 11 केवी अमौसी फीडर के दो पोल व 63 केवीए परिवर्तक ट्रांसफार्मर में टक्कर मार दी। जिससे दोनों खंबे और परिवर्तक क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी वजह से गिन्दनखेड़ा के करीब 10 विद्युत उपभोक्ताओं की आपूर्ति लगभग 3 घंटे तक बाधित रही। साथ ही इस घटना से विभाग का लगभग 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर गाड़ी नंबर के आधार पर उसके चालक का पता लग रही है।

# चंद्र भूषण पांडेय के नेतृत्व में अभियान चलाकर की गई मंदिर की सफाई



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रधानमंत्री के आवाहन पर सारदा नगर प्रथम वार्ड के लोक कल्यानेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया।

श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर संगठन के निदेर्शानुसार शारदा नगर प्रथम वार्ड मंडल दक्षिणी दो पी डब्लू डी के लोक कल्यानेश्वर शिव मंदिर में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ महानगर के मीडिया संयोजक चन्द्र भूषण पाण्डेय उर्फ पप्पू पाण्डेय एवं सहयोगी ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अम्बरीष मौर्या मण्डल उपाध्यक्ष नितेश वाश्णे की उपस्तिथि में सेक्टर संयोजक प्रमोद कुमार सिंह सेक्टर ई के सभी बूथ अध्यक्षों के द्वारा ,स्वछ्ता अभियान के तहत मंदिर की साफ सफाई किया गया जिसमें वहां के क्षेत्रीय जनता भी अपना भव्यता के साथ सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाते हुए श्री राम के उद्घोष एवं राम धुन के साथ कार्यक्रम को समापन किया।

# एयरपोर्ट पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक टप्पेबाज को सीआईएसएफ ने पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित चौधरी चरण परिसर में गुरुवार रात संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक टप्पेबाज को सीआईएसएफ ने पकड़कर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। लखनऊ एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ के आरक्षी अमित कुमार के मुताबिक गुरुवार रात एयरपोर्ट टर्मिनल- 2 के बाहरी तरफ पेट्रोलियम व चेकिंग में उनकी ड्यूटी थी। तभी मोर्चा नंबर- एक के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ा एक व्यक्ति दिखाई पड़ा। संदेह होने पर जब रोक कर उससे पूछा गया तो आरोपी ने अपना नाम दिल्ली के बवाना थानान्तर्गत जेजे कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय अबरार बताया। सीआईएसफ आरक्षी अमित कुमार का कहना है कि जब उसके पास मौजूद बैग को चेक किया गया तो उसमें अखबारी कागज के रुपए साइज का बंडल मिला। जिस पर ऊपर की तरफ 500 रुपये का एक नोट चिपका हुआ था। इसके अलावा शाहजहांपुर जिले के राऊसर स्थित चौढ़ेरा पते के विवेक वर्मा नाम से गैलेंट इस्पात लिमिटेड सर्विस का आई कार्ड, विवेक वर्मा नाम का एक आधार कार्ड व इंटरमीडिएट की मार्कशीट और कुछ कपड़े मिले। इस पर जब पकड़े गए युवक से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि बैग में मिले 500 का नोट चिपके अखबरी कागज के पैकेट पर लगे नोट को दिखाकर वह लोगों को बेवकूफ बनाते हुए उनसे रुपए ऐंठ कर फरार हो जाता है। उसने अपने पास मौजूद बैग और उसमें रखे सामान के बारे में बताया कि 2 दिन पहले चारबाग रेलवे स्टेशन से चोरी किया था। यह बात पता चलते ही सीआईएसफ आरक्षी अमित कुमार ने उसे सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। अमित कुमार की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# युवा वर्ग निःशुल्क प्रशिक्षण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करे : राजेश सिंह चौहान

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर-लखनऊ। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश सिंह चौहान ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सैकड़ों निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसलिए युवा वर्ग को चाहिये कि वह निःशुल्क प्रशिक्षण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करे। श्री राजेश सिंह चौहान शनिवार को एमएसएमई विकास कार्यालय द्वारा सरोजनीनगर की देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवार परिसर में आयोजित गारमेंट मैन्यूफैक्चरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण एवं पाठ्य सामाग्री प्रदान करने के दौरान उन्हें सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि ईमानदारी से कड़ी मेहनत करने वालों को सभी क्षेत्रों सफलता मिलती है। इसलिए युवा वर्ग अपने रूचि के क्षेत्र में पूरी निष्ठा के साथ कड़ी मेहनत करें, उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। पार्षद प्रतिनिधि लवकुश रावत ने कहा कि युवा वर्ग सरकारी योजनाओं के माध्यम से अपना व्यवसाय शुरू करे और अपने साथ अन्य लोगो को भी रोजगार दे। जबकि पूर्व प्रधान प्रतिनिधि पवन सिंह ने कहा कि स्वरोजगार स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा दर्जनों ऋण योजनाएं चलाई जा रही है। प्रतिभागियों को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक नीरज कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से निःशुल्क है और प्रशिक्षण के दौरान पतिभागियों को प्रशिक्षण एवं पाठ्य सामाग्री भी निःशुल्क दी जाएगी। इस मौके पर मौजूद अतिथि प्रशिक्षक डा0 संजय कुमार भारती ने कहा कि महिलाएं अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए मुद्रा योजना के तहत लोन ले सकती है। इस योजना के तहत बैंको से दिये जाने वाले लोन के लिए किसी प्रकार की गारण्टी नही देनी होती है।

# श्री राम मंदिर निर्माण पर निगोहां में निकाली गई ज्योति यात्रा

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निगोहां कस्बे में विशाल ज्योति यात्रा निकाली गई जिसमे रथ, घोड़े आदि के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। शनिवार को निगोहां कस्बे के वासुदेव बाग हनुमान मंदिर से शंख, घंटा, ढोलक, मृदंग सहित हाथों में भगवा ध्वज लेकर भारी संख्या में भक्तो द्वारा ज्योति यात्रा निकाली गई। डीजे द्वारा भक्ति धुन पर भक्त हनुमान मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, शनि मंदिर, सहित निगोहां कस्बे में जमकर झूमे। वहीं यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़ - चढ़कर हिस्सेदारी ली। भक्तगणों ने श्री रामलला के जयघोष के साथ रथ, घोड़े, कार सहित ज्योति यात्रा को पूरे निगोहां में घुमाने के पश्चात हठीला माता मंदिर पर यात्रा का समापन किया। वहीं सोमावर को अखंड रामायण पाठ के समापन के पश्चात प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हठीला माता मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में किन्नर समुदाय से अपने सहयोगियों सहित प्रियंका सिंह रघुवंशी समेत ग्रामीण शामिल हुये। इस मौके पर प्रधान अभयकांत दीक्षित वीरेंद्र सिंह, गार्गी दीक्षित, हेमू सिंह, गुड्डू सिंह, देव प्रताप सिंह, जंग बहादुर सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

# टप्पेबाजों ने महिला को तंत्र-मंत्र का झांसा देकर गहनों व हजारों रुपये नकदी लेकर हुए फरार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में बीते दिनों दो टप्पेबाजों ने एक महिला को तंत्र-मंत्र का झांसा देकर उसके गहने उतरवा कर थैले में रखवाए और गहनों व हजारों रुपये की नगदी से भरा थैला लेकर रफू चक्कर हो गए। पीड़ित महिला ने इस मामले में बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्नाव जिले के सोहरामऊ थानान्तर्गत ओगरापुर निवासी सीमा के मुताबिक बीती 14 जनवरी को वह अपनी ससुराल से बिजनौर में कमलापुर स्थित अपने मायके जा रही थी। सीमा का कहना है कि तभी बिजनौर स्थित रजिस्ट्री ऑफिस वाली गली में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति मिले, जो आपस में तंत्र-मंत्र की बात कर रहे थे। उसी में से एक ने सीमा से भगवान का रूप होने का झांसा देते हुए कहा कि आपकी वजह से मेरा भाई ठीक हो गया है। इसी बीच उसके दूसरे साथी ने सीमा के भी लड़के को बीमार होने की बात कही। लेकिन जब सीमा ने कहा कि वह ठीक हो गया है, तो उक्त व्यक्ति ने सीमा से कहा कि तुम अपने पहने हुए सभी गहने उतार कर थैले में रखकर मेरे हाथ में पकड़ा दो, नहीं तो तुम्हारा लड़का मर जाएगा। सीमा उनकी बातों के झांसे में आ गई और उसने अपने कानों के झाले, पैरों की पायल और गले की लॉकेट उतार कर थैले में रखे और उसे पकड़ा दिया। थैले में सीमा के सात हजार रुपए भी रखे थे। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसे झांसा देते हुए कहा कि तुम हमारे पीछे-पीछे चलो, हम तुम्हारे घर चल रहे हैं। यह कह कर दोनों आगे आगे चल दिए। लेकिन कुछ दूर पहुंचते ही दोनों बाइक सहित वहां से रफू चक्कर हो गए। इसके बाद सीमा को अपने साथ टप्पेबाजी होने की भनक लगी। उसने इसकी सूचना बिजनौर पुलिस को दी। बिजनौर पुलिस सीमा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर टप्पेबाजों का पता लग रही है।

# खराब खड़े ट्रक में पीछे जा घुसी कार, बुजुर्ग की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में शनिवार तड़के कार चालक को नींद की झपकी आने से कार अचानक सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक में पीछे जा घुसी। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आनन फानन कार को कटर से काटकर उसके अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक कार सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि उस पर सवार बुजुर्ग महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशियाना निवासी डीडी नागर (70) शनिवार तड़के अपने परिवार सहित कार से घर जा रहे थे। तभी तड़के करीब 4 बजे सरोजनीनगर थाने के पास अचानक कर चालक को नींद आने से कार्य अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक में जा घुसी। इस घटना से कार सवार बुरी तरह उसके अंदर फंस गए और उनमें कोहराम मच गया। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस के साथ ही दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत से कार के कुछ हिस्से को काटकर उसके अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक डीडी नागर की मौत हो चुकी थी। जबकि उनकी 65 वषीर्या पत्नी रमा नागर, पुत्र राजकुमार नागर (47), विश्वनाथ नागर (45), वैभव नागर (14) और रजनी नागर बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने घायलावस्था में सभी को लोक बंधु अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया। जहां पर उनका इलाज जारी है। उधर पुलिस ने बुजुर्ग डीडी नागर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भूमाफिया ने किसान की भूमि का कराया फर्जी बैनामा

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। चार साल पूर्व किसान की जमीन को दूसरे व्यक्ति को खड़े करके जालसाजों ने पहले उससे अपने नाम बैनामा कराया गया। उसके बाद दो अन्य लोगों को बैनामा उसी दिन कुछ ही घंटे में कर दिए गए। कुछ ही घंटे में ताबड़तोड़ तीन बैनामे फर्जी तरीके से कर दिए गए और जब इसकी शिकायत पीड़ित किसान ने स्थानीय थाने की पुलिस से की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद चार वर्ष पूर्व मुकदमा तो दर्ज हो गया, लेकिन अभी तक मामले की विवेचना ही पुलिस कर रही है। हैरान कर देने वाली बात यह है चार साल बीतने के बावजूद अभी तक कोई भी आरोपी भू माफिया गिरफ्तार नहीं किया गया है और पुलिस पीड़ित किसान को न्याय का भरोसा देकर राहत भरी गोली देती चलीं आ रही है। रामेश्वर पुत्र स्व मनोहर लाल ग्राम सभा बेंती थाना बंथरा ने बताया कि अपनी ही निजी पैत्रक कृषि भूमि खसरा संख्या 324/379 जिसकी फर्जी तरीके से 23 अक्टूबर 2020 को क्रमशः तीन बार बेस्ट सिटी होम्स कार्यालय 15/181 इंदिरा नगर द्वारा सैयद महमूद वासिक निवासी देव हुज्जाजी 1 देव नवाबगंज बाराबंकी दूसरा बैनामा मुक्त जमीन का ही भाग आवासीय रूप से विक्रेता संस्कृति इंफ्राबिल्ट द्वारा सूचित पांडे उमेश चंद्र द्वारा श्रीमती साधना अवस्थी पत्नी गनेश प्रसाद अवस्थी ग्राम अरम पोस्ट अकवा जिला उन्नाव क्रेता एवं तीसरा बैनामा भूखंड संख्या 379 का भाग आवासी रूप में बेस्ट सिटी होम्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा क्रेता संस्कृति इंफ्राबिल्ट प्रोपराइटर सूचित पांडे पुत्र उमेश चंद्र पांडे के हक में षडयंत्र पूर्वक किसी अन्य व्यक्ति को मेरी जगह रामेश्वर पुत्र मनोहर लाल बनाकर बैनामा कर दिया गया। रामेश्वर बताते हैं कि एक ही दिन कुछ घंटे के अंतराल पर उक्त बैनामे में षडयंत्र पूर्वक फजीर्वाड़ा करके बैनामा किए गए इसके संबंध में मेरे द्वारा थाना बंथरा में शिकायत करने पर थाना द्वारा उक्त प्रकरण के विपरीत फजीर्वाड़ा करने वाले भू माफियाओं की ही शिकायत दर्ज कर ली गई जब मैंने न्यायालय की शरण ली उसके बाद भी मेरी शिकायत दर्ज नहीं हुई तो न्यायालय के सख्त आदेश के पश्चात थाना बंथरा में प्रकरण के संबंध में मेरी शिकायत दर्ज कर ली गई किंतु आज तक कोई भी प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है परिणाम स्वरूप उक्त प्रकरण के चार साल बीतने के बाद भी स्पष्ट रूप से ज्ञात अपराधी भूमाफिया खुलेआम न्याय व कानून व्यवस्था का मजाक बना रहे हैं। रामेश्वर ने बताया कि हम निर्धन परिवार से हैं मेरी भूमि से होने वाली कृषि ही मेरी जीविका व आय का एक मात्र स्रोत है उक्त उल्लेखित भू माफियाओं द्वारा मुझे व मेरे परिवार को जान व माल का नुकसान पहचाने का भय बना हुआ है इसलिए उक्त प्रकरण में अपराधियों की गिरफ्तारी होना आवश्यक है।

# महिला ने चार लोगों पर धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराने का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर के रसूलपुर इठुरिया निवासी कृष्णा देवी उर्फ कृष्णावती ने आशियाना के तेलीबाग स्थित बंगाली टोला, खारिका निवासी अमित कुमार गुप्ता, हरदोई के संडीला स्थित चनोहिया निवासी शरीफ अली, राजधानी में मालती नारायण इंटर कॉलेज स्थित संजीवनी एंक्लेव के पास रहने वाले मृत्युंजय मिश्रा और बिजनौर के परवर पूरब स्थित जंगली खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार यादव के खिलाफ धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णा देवी का कहना है कि उसके पति रामगोपाल की वर्ष 2008 में मौत होने के बाद रामगोपाल की खेती की जमीन के संबंध में रामगोपाल की तलाकशुदा पूर्व पत्नी विमला देवी और उसके बीच न्यायालय में वाद चल रहा है। लेकिन 15 जनवरी 2021 को विमला देवी की मौत हो जाने के बाद उसके स्थान पर उसके मानसिक रूप से विक्षिप्त बेटे राहुल को पक्षकार बनाया गया, जो सहादतगंज के मौअज्जम नगर स्थित अपने मामा विजय कुमार के यहां रहता था। लेकिन राहुल की भी 19 जून 2023 को मौत हो गई। आरोप है कि राहुल की मौत के बाद रामगोपाल की खेती की जमीन खसरा संख्या 225, 228 और 230, रकबा - 1.125 हेक्टेयर हड़प करने की नीयत से अमित कुमार गुप्ता और शरीफ अली ने मिलकर बैनामे के गवाह मृत्युंजय मिश्रा के साथ सोची समझी साजिश के तहत मृतक राहुल के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा कर 17 अगस्त 2023 को फर्जी कूटरचित बैनामा तैयार कर पंजीकृत करा लिया। साथ ही फर्जी बैनामे का उपयोग करते हुए जमीन हड़पने की नीयत से सरोजनीनगर तहसील में दाखिल खारिज करने के लिए मुकदमा भी दाखिल कर दिया। कृष्णावती को जानकारी हुई तो उसने 24 सितंबर 2023 को बिजनौर थाने पर इसकी शिकायत की। लेकिन जब रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई तो उसने न्यायालय की शरण ली। फिलहाल न्यायालय के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक को पीट कर किया अधमरा, हालत गम्भीर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगराम के इच्छाखेड़ा निवासी विपिन कुमार ने निगोहां पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसके भाई प्रदीप को बीते गुरूवार की देर शाम फोन कर मिलने के लिये रामसागर ने अपने गांव भैरमपुर, निगोहां बुलाया था, फोन आने के बाद भाई अपनी मोटरसाइकिल से भैरमपुर गांव चला गया था, देर रात तक भाई के वापस ना लौटने पर वो खोजते हुये भैरमपुर गांव पहुंचा तो वहा देखा रामसागर अपने ती ?न अज्ञात साथियो के साथ मिलकर भाई प्रदीप को लाठी-डंडो व दीवाल पर लड़ा लड़ा कर बुरी तरह मार रहे थे, चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणो के मौके पर आने पर आरोपी रामसागर अपने साथियों संग मौके से भाग निकला। जिसके बाद घायल युवक को परिजन इलाज के लिये एम्बुलेंस की मदद से मोहनलालगंज सीएचसी लेकर गया, जहां उसकी हालत गम्भीर देख डाक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जहां भर्ती कर इलाज शुरू किया लेकिन इलाज में लापरवाही से युवक प्रदीप की हालत ओर बिगड़ती देख परिजन वहा से हटाकर नगराम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहा है, जहां युवक की हालत गम्भीर बनी हुयी हैं। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित के भाई की तहरीर पर एक नामजद समेत तीन अज्ञात के विरूद्व मारपीट, बलवा, जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# रूपयों के लेनदेन में व्यापार मंडल अध्यक्ष के घर पर दबंगों ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर में शुक्रवार रात रूपयों के विवाद में कुछ लोगों ने व्यापारी नेता के घर पहुंच कर गाली गलौज करने के साथ ही किसी हथियार से हमला कर दिया। जिससे व्यापारी नेता चोटिल हो गया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो वहां से फरार हो गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का पता लग रही है। सरोजनीनगर के शांति नगर निवासी पंकज राय शांति नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं। पंकज राय का कहना है कि शुक्रवार रात करीब 11:45 बजे शुभम यादव नामक युवक अपने तीन-चार साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और बहस करने लगा। पंकज का कहना है कि उन्हें शुभम यादव से जमीन से संबंधित 1,75,000 रुपये लेने हैं। लेकिन घर पर पहुंचे शुभम व उसके साथियों ने उल्टा उसी से ही पैसों की डिमांड कर दी। आरोप है कि शुभम के साथ आए लोगों ने गाली गलौज करते हुए पंकज को धमकाया और मारा पीटा। साथ ही आरोपियों ने घातक हथियार से पंकज के ऊपर हमला भी कर दिया। जिससे उसके हाथ में कई जगह चोटें आई हैं। बाद में आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल इस मामले में सरोजनीनगर पुलिस पंकज राय की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# शराब के नशे में धुत दबंगो ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। निगोहां क्षेत्र के रामदासपुर निवासी गुरू प्रसाद ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते गुरूवार की रात को बेटा चेतराम निगोहां से घर आ रहा था तभी रास्ते में गांव के शराब के नशे में धुत हरिकेश रावत, मनोज, अनुज, राजू के साथ मिलकर गाली-गालौज करते हुये लाठी डंडो से बेटे चेतराम की बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया। बेटे की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपियों के विरूद्व मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## संक्षेप

### अवैध खनन कर रही जेसीबी को एसडीएम ने किया सीज

बांगरमऊ, उन्नाव। उपजिलाधिकारी बांगरमऊ ने मिट्टी के अवैध उत्खनन की सूचना पर मौके से एक जे सी बी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एसडीएम को आता देख कई ट्रैक्टर मौके से भाग निकले। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव अरगूपुर के निकट जे सी बी मशीन से मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा था और कई ट्रैक्टर ट्रालियों से मिट्टी ढोई जा रही थी। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी शुभम यादव आज शनिवार को मौके पर जा पहुंचे। जहां उन्होंने उत्खनन कर रही एक जे सी बी मशीन को कब्जे में ले लिया और बेहटा पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एसडीएम की गाड़ी को देखकर मिट्टी ढोने में लगे ट्रैक्टर मौके से भाग निकले।

### मेले से लापता हुई किशोरी पिता ने दर्ज कराया अपरहण का मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। घर से मेला देखने गई किशोरी रहस्य मय ढंग से गायब हो गई पिता ने अपहरण का मुकदमा पंजीकृत कराया। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खरही रामपुर निवासी सुंदरलाल पुत्र रामप्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की मेरी 14 वर्षीय पुत्री बीती 14 जनवरी को तकिया मेला देखने गई जहां से वह रहस्य मय ढंग से गायब हो गई कई दिनों तक पता लगाने के बाद पता चला कि ग्राम मड़ौली थाना खीरों जिला रायबरेली निवासी युवक संदीप पुत्र कैलाश मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### मार्ग दुर्घटना में लोडर चालक की हुई मौत

नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के कानपुर लखनऊ हाईवे स्थित भैसौरा मोड के पास अज्ञात वाहन के लोडर में टक्कर मारने से चालक सड़क पर जा गिरा। तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन के कुचलने से मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सोहरामऊ कस्बा के रहने वाले बहादुर रावत का चौबीस वर्षीय बेटा शिवा लोडर चलता था। लोडर लेकर उन्नाव भाड़ा लेने के लिए निकला था। इसी दरम्यान सोहरामऊ थाना क्षेत्र के भैसौरा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से लोडर में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक शिवा लोडर से उछलकर हाइवे पर गिर गया और अन्य एक वाहन उसे रौंदते हुए निकल गया। लोडर चालक शिवा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। नेशनल हाईवे से गुजर रहे किसी राहगीर ने हादसे की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। हादसे की सूचना पर थाना प्रभारी कमल दुबे मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद परिजनों को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की गई।मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक शिवा तीन भाइयों में सबसे छोटा था। तीन बहनें विवाहित हैं। हादसे के बाद मां फूलदुलारी का रोरोकर बेहाल होती रही। थाना प्रभारी ने बताया कि पिता बहादुर ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर वाहन की तलाश की जा रही है।

# सीडीओ व एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा की उपस्थिति में तहसील सदर, में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसामान्य की समस्याएं/शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर, उन्नाव में सीडीओ द्वारा राजस्व विभाग की 41, पुलिस विभाग की 14, विकास विभाग की 07 सहित अन्य विभागों की 10 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।इस अवसर पर सीडीओ द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं, ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो। शिकायत का निस्तारण करने से पूर्व शिकायतकर्ता से सम्पर्क जरूर स्थापित किया जाए। अधिकारी गण जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ समारोह का आयोजन सदर तहसील उन्नाव में किया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा द्वारा शपथ दिलाई गई इसके उपरांत हस्ताक्षर कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, ईवीएम वीवीपीएटी एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कैंप लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं से अवगत कराया गया साथ ही सीडीओ द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 10 लाभार्थियों को गैस चूल्हा एवं सिलेंडर वितरित किए गए। इस मौके पर सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, पीडी कमलेश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा, जिला मत्स्य अधिकारी बी0के0 दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्र, उप संभागीय वन अधिकारी संतोष कुमार वर्मा, जिला प्रोबशन अधिकारी क्षमानाथ राय, उप जिलाधिकारी सदर नम्रता सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर विजय आनंद, तहसीलदार सदर अभिराज चैधरी, नायब तहसीलदार सदर अमृतलाल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में रामोत्सव की तैयारी मंदिर को चमकाया गया

## सब में राम सबके राम उत्सव का होगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है मंदिरों की सजावट और स्वच्छता तथा धार्मिक आयोजनों के साथ श्री रामोत्सव मनाने की तैयारियां तेज हो गई है, इसी कड़ी में अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए पुलिस रेडियो शाखा उन्नाव द्वारा ₹ सबमें राम - सबके राम ₹ श्री रामोत्सव आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है।इसके तहत पहले चरण में रेडियो निरीक्षक समर सिंह के नेतृत्व और सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व के संचालन में रिजर्व पुलिस लाईन उन्नाव स्थित प्राचीन मन्दिर में आज स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंदिर के अंदर और यज्ञ परिसर की धुलाई और सफाई कर पोछा लगाकर चमकाया गया। उसके बाद पूरे मंदिर परिसर की सफाई कर कूड़ा आदि हटाकर चूना का छिड़काव किया गया।22 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रेडियो निरीक्षक समर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्राप्त निदेर्शों के क्रम में जनपद अयोध्या में प्रस्तावित भगवान श्री राम की प्राण - प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजन के दृष्टिगत सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन तथा भव्यता से उक्त आयोजन को मनाये जाने के विषय में जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं उसी के अनुरूप पुलिस रेडियो शाखा द्वारा 22 जनवरी को उन्नाव पुलिस लाईन के मंदिर में सब में राम सबके राम श्री रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के व्यवस्था प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस लाइन स्थित प्राचीन मंदिर में 22 जनवरी को सुंदरकांड का संगीतमय पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर और पुलिस कंट्रोल रूम परिसर को रंगोली, फूल की मालाओं और विद्युत झालरों की सजावट से सजाया जाएगा। इस अवसर पर गाय के गोबर से बने दीप जलाकर अभूतपूर्व दिवाली मनाई जाएगी। मंदिर में चलाए गए स्वच्छता अभियान में समर सिंह (रेडियो निरीक्षक) के साथ पुलिस रेडियो शाखा के सभी अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

# दुष्कर्म के आरोप में दो युवकों को पुलिस ने भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र में अमन चैन कायम करने हेतु पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में 26 जनवरी व त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस के द्वारा क्षेत्र में अमन शांति कायम रक्खे जाने हेतु अपराधियों को पकड़ रही है उसी के तहत तहसील बीघापुर के अंतर्गत थाना बिहार में पंजीकृत दुष्कर्म का मुकदमा सुनील कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार उर्फ राम सजीवन निवासी भगवान खेड़ा थाना बारासगवर को सुमेरपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया वहीं थाना बारासगवर में दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत नागेंद्र सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम पोरई थाना बिहार को पुलिस ने धानी खेड़ा से भोजपुर रोड में ऊचगाव के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# श्री राम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर उन्नाव में जिला प्रशासन ने विशेष सतर्कता के प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान भारी संख्या में राम जुलूस, दीपोत्सव आदि निकाले जाने को लेकर प्रभावी सुरक्षा रहेगी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन शहर के प्रमुख चौक पर संवेदनशील क्षेत्रों में और अन्य प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस की तरह इस दिन भी विशेष चौकसी रहेगी। इस संबंध में सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है। साथ ही बैठक आयोजित हो रही है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जिले के सभी थाना परिसर में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अधिकारियों ने धर्मगुरु व क्षेत्रों के लोग तथा व्यापार मंडल प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें मंदिर व प्रतिष्ठानों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रणनीति बनाई गई। यात्रा निकाल कर मंदिरों में हजारों दीप प्रज्जवलित कर एलईडी लगा भक्तों को लाइव प्रसारण दिखाने के साथ ही भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरण किए जाने की तैयारियां चल रही हैं। थानों को रोशन करने की योजना है।कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए एडीएम नरेंद्र सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट मणि शंकर तिवारी व सीओ सिटी विजय आनंद और इंस्पेक्टर प्रमोद मिश्र ने सदर कोतवाली परिसर में लोगों के साथ बैठक कर रूपरेखा समझी। बैठक में थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और डिजिटल वालंटियर्स के साथ पंप व सरार्फा दुकानदार के अलावा व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। एडीएम ने बताया कि सौहार्दपूर्ण वातावरण रखने के लिए बैठक का आयोजन किया गया है। पुलिस प्रशासन की अहम जिम्मेदारी है।निगहबानी के लिए कार्यक्रमों की सूची तैयार अधिकारियों ने कार्यक्रमों को लेकर आपसी सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। किसी भी तरह की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न देने एवं इस संबंध में तत्काल प्रशासन को अवगत कराने की अपील भी की गई। मंदिरों में कार्यक्रम और यात्रा की जानकारी हासिल कर सूची तैयार कराई है। जिसके चलते लोगों को सुरक्षा व्यवस्था मुहैय्या कराई जा सके। ड्रोन से नजर रखने के लिए पुलिस ने योजना बनाई है। पुराने शहर के अलावा संवेदनशील इलाकों में निगहबानी जिम्मा सौंपा जा रहा है। सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

# जिला अस्पताल के इमरजेंसी में नही मिले चिकित्सक महिला ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला अस्पताल में उपचार कराने पहुंची एक महिला को इमरजेंसी में उपचार नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि वह वार्ड में डॉक्टर ढूंढते रहे लेकिन डॉक्टर नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने लापरवाही का आरोप लगा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है। वीडियो में दावा किया जा रहा है कि डॉक्टर ड्यूटी पर नही थे। वायरल वीडियो होने के बाद सीएमएस ने मामले की जांच पड़ताल की बात कही है। हालांकि, वायरल वीडियो की पुष्टि अमन लेखनी अखबार नहीं करता है। जानकारी के अनुसार रूपाऊ गांव के रहने वाले विजय शंकर की पत्नी रागनी की हालत बिगड़ी तो परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लेकर पहुंचे हैं। विजय शंकर का आरोप है कि उनकी पत्नी की हालत बिगड़ती जा रही थी और इमरजेंसी वार्ड में कोई भी डॉक्टर नहीं मिला। महिला को सांस लेने में ज्यादा दिक्कत हो रही थी। काफी देर तक इंतजार करते रहे।उधर रागनी को ट्रीटमेंट ना मिलने से छटपटाती रही। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही उन्होंने वार्ड में खाली पड़ी कुर्सियों का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। आरोप लगाया कि अक्सर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर अनुपस्थित रहते हैं और कई लोगों को उपचार नहीं मिलता है।वीडियो वायरल होने के बाद सीएमएस डॉक्टर आरए मिर्जा ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों की ड्यूटी शिफ्ट वाइज लगाई जाती है और डॉक्टर हर समय मौजूद रहते हैं वीडियो वायरल हुआ है। मामले की जांच कराई जाएगी। यदि ना रहने की पुष्टि होती है तो डाक्टर समेत संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई भी की जाएगी। ड्यूटी पर तैनात रहने वाले सभी कर्मियों का ब्यौरा मांगा गया है और उनसे जवाब सवाल भी लिया जा रहा है।

# गांव गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीणों ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज क्षेत्र के एक और गांव पहुंचीं धूम धाम एवं हर्ष के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गोरीमऊ पहुंचीं विकसित यात्रा का स्वागत ग्राम प्रधान रीना पांडेय, सचिव अमित पटेल एवं रामगोपाल द्वारा किया गया वहीं हयासपुर ग्राम पंचायत में प्रधान राम देवी, स्वामी शंकर यादव सचिव अभय सिंह सहित तमाम ग्रामीणों ने किया। गोरीमऊ ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अथिति के क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओ की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की गारंटी वाली गाड़ी गरीब वंचित पात्र लोगों को मौके पर उनका हक दिलवा रही है। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना चलाई गई जिससे कोई भी नागरिक भूखा न रहे। सरकार द्वारा पक्के मकान से वंचित गरीब पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान भी दिए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाना है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई। ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद आगनवाड़ी बच्चो का अन्नप्राशन कराया गया। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों एवं किसानो ने देखा। लाभार्थियों को योजना के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत हेमन्त कुमार द्वारा किया गया।

इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष अनिल शुक्ला, फतेहपुर चौरासी के चैयरमैन मिथिलेश जायसवाल, गिरीश वर्मा पूर्व जिला परिषद सदस्य अतुल मिश्रा, प्रधान गोविंद पांडेय, विजय पाल यादव, राकेश कुमार, जयपाल पटेल, पूर्व प्रघान प्रमोद पाण्डेय, रोहित शुक्ला, भैयालाल आदि सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुत्री का चिकित्सक ने गलत किया इलाज महिला ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कस्बे के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी नगीना सोनकर ने सीएचसी अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया था कि 18 जुलाई 2023 को पुत्री खुशी के हांथ में चोट लग गई थी।जिसपर उसे दिखाने सीएचसी लाई थी।

जहां डाक्टर उमेन्द्र सिंह ने पुत्री का इलाज किया था।नगीना ने आरोप लगाते हुए बताया था कि डाक्टर उमेन्द्र सिंह ने दवा की पर्ची बाहर की लिखी थी जबकि सीएचसी से एक ट्यूब दिया था।जिसके बाद उक्त ट्यूब लगाने के बाद पुत्री के हांथ में और अधिक गहरा घाव हो गया था।जिसपर सीएचसी पहुंच डाक्टर उमेन्द्र सिंह से शिकायत की तो डाक्टर ने गाली गलौज कर धमकी देकर भगा दिया था।जिसपर अधीक्षक दिनेश कुमार से शिकायत करने पर अधीक्षक ने स्पष्टीकरण तलब किया था। डाक्टर उमेन्द्र सिंह अपने स्पष्टीकरण में उक्त का इलाज ना करने की बात बताई थी।उक्त मामले की हकीकत जानने के लिए अधिवक्ता विकास गुप्ता द्वारा एक जनसूचना मांगी गयी थी।जनसूचना में यह बात स्पष्ट हुई कि उक्त युवती का इलाज डाक्टर उमेन्द्र सिंह द्वारा ही किया गया था।और जो ट्यूब लेने की पर्ची लिखी गई थी फार्मासिस्ट द्वारा उक्त पर्ची डाक्टर उमेन्द्र सिंह द्वारा ही लिखी जाने की बात बताई हैं।जनसूचना के जरिए डाक्टर की लापरवाही सामने आ गई हैं। सीएचसी अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि अधिवक्ता की तरफ से शिकायत मिली हैं।डाक्टर से स्पष्टीकरण मांगा गया हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे 37 मामले आठ का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सम्पूर्ण तहसील दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने किया जिसमें 37 मामले पहुंचे जहां 08 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मुख्यालय सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिला अधिकारी ने फरियादियों की फरियाद सुनते हुए 37 शिकायतो में आठ मामलों का मौके पर निस्तारण करवाया जिसमें राजस्व 21, पुलिस 07, विकास 03 अन्य 06 , मामले पहुंचे। ग्राम अजयपुर निवासिनी बिटइया पत्नी अजयकुमार ने शिकायती पत्र देते हुऐ बताया कि उसका पति अस्वस्थ्य रहते है जिसकी वजह से कही काम पर नही जाते है उसके पाँच छोटे छोटे बच्चे बुजुर्गी मकान मे रह रहे है जब बारिश के समय मे छत टपकती है जिससे कभी भी कोई घटना हो सकती है उसको शौचालय का भी लाभ आज तक नही मिला जिससे पूरा परिवार शौच के लिऐ आज भी जंगलो मे जाता है। पप्पू पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी दुगार्पुर ने बताया कि उसके पिता ठाकुर प्रसाद को वृद्धावस्था पेशन मिलती थी लेकिन कुछ माह से पेंशन प्राप्त नही हुई। छोटेलाल पुत्र अंगनू प्रसाद ग्राम रामनगर मजरे जेरा निवासी ने बताया कि उसका घरेलु विधुत कनेक्शन है जिसमे विभाग के अधिकारी ने बगैर मीटर रीडिंग के भारी भरकम निकाल दिया जाँच कराने की माँग की। इस दौरान दिवस मे सीओ सोनमसिंह ,, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, राजस्व कर्मी, आदि मौजूद रहे।

# गोशाला बनी 'मौत-शाला', भूख-प्यास से दम तोड़ रहे गोवंश



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। योगी सरकार ने गायों की सेवा और उन्हें सुरक्षित रखने के उद्देश्य से गोशालाएं खुलवाईं थीं। मगर ये गोशालाएं गोवंश के लिए मौत शाला बन गई हैं। ये ऐसी सरकारी कसाईखाना बन गईं हैं, जहां गाय भूख से, प्यास से तड़प-तड़प कर मर रहीं हैं और उनके शरीर में कीड़े पड़ गए हैं। गोशाला में गायों के मरने के बाद या तो उन्हें अंदर या फिर आसपास दफन कर दिया जाता है ताकि किसी को भनक न लगे। ताजा मामला विकास खंड सफीपुर के ग्राम पंचायत रहीमाबाद की गोशाला का है, यहां दो गाय मरणासन्न थीं, और कुछ गायों के तो कंकाल पूरे गौशाला में फैले पड़े थे।गोशाला में 70 से 80 गायों के रखने की व्यवस्था थी। इसमें जिम्मेदारों ने बताया की 55 गायों की संख्या है मगर मौके पर 40 गाय ही मिली। लेकिन ये गोशाला प्रशासनिक लापरवाही के कारण बूचडखाने में तब्दील हो गई। भूख-प्यास और कड़ाके की ठंड से एक-एक कर गाय तिल-तिल कर मरने को विवश है। ग्रामीणों का दावा है कि इसकी जानकारी ग्राम प्रधान व सचिव और अफसरों को दी गई। मगर किसी ने कोई सुध नहीं ली।

नतीजा गायों के मरने का सिलसिला जारी है।गोशाला के अंदर और बाहर का नजारा बेहद ही भयावह था। गोवंश की हड्डियां बता रहीं थीं, कैसे गोवंश ने दम तोड़ा होगा। ग्रामीणों ने बताया कि मरने के बाद गायों को गोशाला के पीछे स्थित एक मैदान में फेंक दिया जाता था। जब मीडिया कर्मी मौके पर गए तो वहां कंकाल मिले।गांव वालो को भनक लगने पर मृत गोवंश को गौशाला में दबा दिया गया।

**सीएम योगी भले ही गोवंश को लेकर गंभीर हों और बजट जारी कर रहे हों, मगर सरकार के नौकरशाह इसको लेकर कतई गंभीर नजर नहीं आते। इसका नतीजा ये हो रहा है कि गोवंश की भूख-प्यास से मौत हो रही है।अब सवाल ये उठता है कि अगर गोवंश की मौत भूख-प्यास से हो रही है तो सरकार द्वारा आया लाखों रुपया और उस रुपये से आया चारा कहां गया और किसने खाया जो एक प्रश्न चिन्ह बन गया ।।**

**वही जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी गुलाब चंद्र से फोन जानकारी करने की कोशिश फोन से की गई तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र के बाहर बताता रहा!**

# सीएचसी में हुआ सफल सीजर महिला ने जन्मी बच्ची

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। स्थानीय सी एच सी में सर्जन बृजेश कुमार सिंह ने सफल ऑपरेशन किया ।अधीक्षक डाक्टर राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि जच्चा-बच्ची समेत सकुशल है। सी एच सी स्तर पर ऑपरेशन सुविधा मिलने से लोगो मे खुशी का माहौल है । स्थानीय सी एच सी में भर्ती गाव मिजार्पुर निवासी किरण पाल पत्नी छोटेलाल के प्रसव समय पूर्ण होने के बावजूद समस्या थी जिसके कारण सी एच सी में नियुक्त सर्जन बृजेश कुमार सिंह ने ऑपरेशन कर सकुशल प्रसव कराया । अधीक्षक डाक्टर राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि जच्चा किरण व बच्ची दोनों स्वस्थ्य है । ओ टी की व्यवस्था चुस्त कर दी गई है अब आपातकालीन मरीजों का ऑपरेशन सी एच सी पर हो सकेगा । इस सुविधा से क्षेत्रीय लोगो ने राहत की सास ली।

# कोतवाली परिसर में संगीतमय सुंदर काण्ड का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। वर्षो से भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा कर रहे राम भक्तों ने द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की तिथि नजदीक आने से पहले ही भक्ति मय माहौल बनाने में जुट गए हैं. 22 जनवरी को अवध नगरी में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सफीपुर कोतवाली परिसर में बने भगवान भोलेनाथ के मंदिर के सामने क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला एवं प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने प्रभू भगवान श्री राम की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुंदर काण्ड पाठ का शुभारंभ कराया. मानस मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ भव्य आयोजन किया गया जहां पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भक्तगणों ने एकाग्र चित्त से सुंदरकांड पाठ का रसास्वादन किया वहीं कार्यक्रम समापन के बाद सभी भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया.इस अवसर पर शिक्षक शिवप्रताप सिंह, अभिनव शर्मा, अंकित शुक्ला, आदर्श सिंह, अमन यादव, तनय अवस्थी समेत काफी संख्या मे भक्तगण मौजूद रहे।

# साप्ताहिक जागरूकता अभियान के कार्यक्रम 19 जनवरी से 24 तक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं से संबंधित मुद्दों और समस्याओं के प्रति जागरूकता एवं बालिकाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सप्ताहिक जागरूकता अभियान 19 से 24 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजन करने हेतु दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसके क्रम में जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार आज दिनांक 20 जनवरी 2024 को तहसील सदर के सभागार में पुलिस अधीक्षक मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला प्रवेशोंन अधिकारी की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा कन्या भ्रूण हत्या निषेध पर समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों एवं आम जनमानस को शपथ दिलाते हुए बैनर पर हस्ताक्षर किया गया इसके उपरांत जनपद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों व आम जनमानस द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बैनर पर हस्ताक्षर किया गया कार्यक्रम में जनपद स्तर के समस्त अधिकारी गण एवं अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चिंतन

# मणिपुर हिंसा का स्थायी समाधान बहुत जरूरी

बीते एक साल से मणिपुर रह रहकर जल रहा है। कुछ दिन शांति होती है और फिर हिंसा की ज्वाला धधकने लगती है। बुधवार को राज्य के मोरेह इलाके में सुबह उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया। इसमें दो जवानों की मौत हो गई। इसके अलावा एक कुकी समुदाय की महिला की जान चली गई। हमलावर कुकी समुदाय के ही बताए जा रहे हैं। हमले में 3 जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। लगातार जारी हिंसा को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र से मदद मांगी है। कमिश्नर होम टी रंजीत सिंह ने गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव को पत्र लिखाकर कहा है कि हालात बिगड़ते जा रहे हैं। किसी भी वक्त मेडिकल इमरजेंसी बढ़ सकती है, इसलिए हेलिकॉप्टर दिए जाएं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। बीते सालभर के दौरान कई ऐसी वारदातें हुई, जिन्होंने न केवल शर्मसार किया बल्कि सोचने पर भी मजबूर किया कि इंसान जातिगत उन्माद में किसी भी हद तक जा सकता है। दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने के वायरल हुए वीडियो ने पूरे देश हिलाकर रख दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सरकार से जवाब तलब किया। सीजेआई जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने यहां तक कहा कि अगर सरकार कार्रवाई करती है तो ठीक वरना हम खुद कदम उठाएंगे। भारत के पूर्वोत्तर में स्थित मणिपुर सेवन सिस्टर्स राज्यों में शामिल है। मणिपुर की सीमा म्यांमार से लगती है और यहां की कुल जनसंख्या करीब 33 लाख है। इस आबादी में आधे से अधिक मैतेई समुदाय के लोग हैं और करीब 43 फीसदी कुकी और नगा समुदाय के लोग रहते हैं, जो राज्य की प्रमुख अल्पसंख्यक जनजातियां हैं। राज्य में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प की शुरुआत पहली बार 3 मई को सामने आई है। यहां 3 मई 2023 को मैतेई (घाटी बहुल समुदाय) और कुकी जनजाति (पहाड़ी बहुल समुदाय) के बीच हिंसा शुरू हुई थी। मैतेई समाज की मांग है कि उसको कुकी की तरह राज्य में अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाए, लेकिन कुकी समुदाय इसका विरोध कर रहा है। कुकी समुदाय का तर्क है कि इससे सरकार और समाज पर मैतेई समुदाय का प्रभाव और अधिक मजबूत होगा। मैतई समुदाय के लोगों को जमीन खरीदने या मुख्य रूप से कुकी क्षेत्रों में बसने की अनुमति मिल जाएगी। कुकी समुदाय के मुताबिक मैतेई के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा छेड़ा गया नशीली दवाओं के खिलाफ युद्ध कुकी समुदाय को उखाड़ने का एक बहाना है। दरअसल मैतेई, कुकी और नगा मिलिशिया बीते कई दशकों से परस्पर विरोधी मातृभूमि मांगों और धार्मिक मतभेदों को लेकर एक-दूसरे से लड़ते रहे हैं। इस बार, संघर्ष पूरी तरह से जातीयता में निहित है, न कि धर्म में। खास बात यह भी कि प्रदेश में महिलाएं भारतीय राज्यों से अलग पहचान रहती हैं। यह उन राज्यों में से एक है जहां औरतों को अर्जक के रूप में देखा जाता है। मणिपुर की महिलाएं काफी दर पर श्रम क्षेत्र में हिस्सा लेती हैं। मणिपुरी औरतें अन्य राज्यों की महिलाओं की तुलना में शक्तिशाली और स्वतंत्र हैं। उन्हें राज्य में सामूहिक शक्ति के रूप में देखा जाता है। यही कारण है कि महिलाएं निशाने पर हैं। केंद्र सरकार को राज्य में लगातार फैल रही हिंसा का स्थायी समाधान तलाशना होगा। राज्य में जब तक हिंसा रहेगी, तनाव रहेगा विकास नहीं हो सकता। अगर मणिपुर प्रभावित होगा तो पूरे देश अप्रभावी नहीं रह पाएगा, इसलिए जरूरी है कि जल्द से जल्द हिंसा रुके और विकास की गाड़ी आगे बढ़े।

# अब पाक में ईरान की सर्जिकल स्ट्राइक



**हमला**
विवेक शुक्ला

पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोलकर एक बड़ा संदेश दुनिया को दिया कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन खुल्लम-खुल्ला काम कर रहे हैं। ईरान ने बीते मंगलवार को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान भी भारत से संबंधों को मजबूती देना चाहता है। भारत तेल एवं गैस का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है और वह ईरान से अधिकतम तेल एवं गैस खरीदना चाहता है। ईरान भी चाहता है कि उसे भारत जैसा बड़ा खरीदार मिल जाए। ईरानी एक्शन भारत के लिए ईरान से अपने संबंधों को मजबूती देने का अनुपम अवसर है।

अपने को इस्लामिक संसार का नेता समझने के मुगालते में रहने वाले पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोलकर एक बड़ा संदेश दुनिया को दिया कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन खुल्लम-खुल्ला काम कर रहे हैं। ईरान ने बीते मंगलवार को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से कहा गया है कि हमले में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। हमले से विचलित पाकिस्तान ईरान के एक्शन पर विरोध जताकर चुप हो गया है। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि बलूची आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया गया। भारत तो दशकों से चीख-चीख कर दुनिया को बता रहा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को खाद-पानी देने वाला मुल्क है। भारत में पकिस्तान के आतंकी संगठन मुंबई से लेकर पुलवामा तक हमले करते रहे हैं।

आपको याद होगा कि 28-29 सितंबर, 2016 की रात को भारतीय सेना के कमांडोज ने आजाद कश्मीर में घुसकर 38 आतंकी मार गिराए थे। अजीब इत्तेफाक है कि उसी समय पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर ईरान ने मोर्टार दागे थे। ईरान के बॉर्डर गार्ड्स ने सरहद पार से बलूचिस्तान में तीन मोर्टार दागे थे, इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान पहले भी पाकिस्तान को निशाना बना चुका है। चीन की पाकिस्तान और ईरान दोनों से दोस्ती है। इस बीच चीन की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हम दोनों देशों से अपील करते हैं कि वो इस मामले को बातचीत से हल करें। तनाव बढ़ने से हमारे दोनों दोस्त मुल्कों को नुकसान होगा। ईरान और पाकिस्तान को ऐसा कोई एक्शन नहीं लेना चाहिए, जिससे अमन को खतरा पैदा हो और इस क्षेत्र में हालात काबू से बाहर हो जाएं।

पाकिस्तान और ईरान दोनों ही शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (,एससीओ) के मेंबर हैं और चीन के करीबी व्यापारिक सहयोगी हैं।

पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर की सीमा है। याद रखिए कि यह वही ईरान है जिसने 1965 में भारत के साथ जंग में पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया था। ईरानी नेवी पाक नौसेना का साथ दे रही थी, लेकिन तब से स्थितियां बहुत बदल चुकी हैं। एटमी आतंकी यानी पाकिस्तान से उसके कई पड़ोसी नाराज हैं, क्योंकि वो हर जगह आतंकवाद फैलाता रहा है। ईरान पाकिस्तान से तब से नाराज है, क्योंकि दोनों देशों की सीमा पर तैनात ईरान के दस सुरक्षाकर्मियों को 2017 में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने मौत के घाट उतार दिया था। तब से ही ईरान-पाकिस्तान के संबंध सामान्य नहीं रहे थे। ईरान-पाकिस्तान में इसलिए भी तनातनी रही है, क्योंकि ईरान शिया तो पाकिस्तान सुन्नी मुस्लिम देश है। पाकिस्तान की सऊदी अरब से नजदीकियां कभी भी ईरान को रास नहीं आई हैं। पाकिस्तान आने खराब आर्थिक हालात के चलते सऊदी अरब के सामने कटोरा लेकर खड़ा रहता



है। इसकी कुछ ठोस वजहें भी हैं। पहली, सऊदी अरब में लाखों की तादाद में पाकिस्तान के मजदूर नौकरी करते हैं। अगर ये वापस पाकिस्तान भेज दिए जाएं तो पाकिस्तान में हाहाकार मच जाएगा। दूसरा, पाकिस्तान को सऊदी अरब से कच्चा तेल आराम से मिल जाता है। उसे कच्चा तेल तो ईरान, नाइजरिया या और किसी और देश से भी मिल सकता है, पर उसके नागरिकों को नौकरी और कोई देश नहीं दे सकता, इसलिए पाकिस्तान उसके साथ चिपका रहता है। ईरान और पाकिस्तान के बीच संबंधों में बड़ा बदलाव तब आया जब दिसंबर, 2015 में सऊदी अरब ने आतंकवाद से लड़ने के लिए 34 देशों का एक 'इस्लामी सैन्य गठबंधन' का फैसला किया, लेकिन इस गठबंधन में शिया बहुल ईरान को शामिल नहीं किया गया। इसमें सऊदी अरब ने पाकिस्तान को प्रमुखता के साथ जोड़ा। इस कारण ईरान पाकिस्तान से काफी नाराज हुआ था। पाकिस्तान के पूर्व आर्मी चीफ जनरल राहिल शरीफ को इस गठबंधन का चीफ बनाया गया था। ये गठबंधन कभी कायदे से अपना काम नहीं कर सका। इस गठबंधन को ईरान विरोधी के रूप में भी देखा गया, जो सऊदी अरब का मुख्य क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी है। खैर, ईरानी एक्शन भारत के लिए ईरान से अपने संबंधों को मजबूती देने का अनुपम अवसर है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईरान की दो दिवसीय यात्रा पर जा चुके हैं। ईरान के राष्ट्रपति डॉ. हसन रूहानी के निमंत्रण पर हुई उस यात्रा में मोदी ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अल खुमैनी से भी मिले थे। खुमैनी आमतौर पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष से मिलते नहीं है, लेकिन वे भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले थे। साफ है कि ईरान ने नरेंद्र मोदी की यात्रा को खासी तरजीह दी थी।

भारत के लिए ईरान एक बहुत महत्वपूर्ण देश है। ईरान न केवल तेल का बड़ा व्यापारिक केन्द्र है, बल्कि मध्य-एशिया, रूस तथा पूर्वी यूरोप जाने का एक अहम मार्ग भी है। भारत ऊर्जा से लबरेज ईरान के साथ अपने संबंधों में नई इबारत लिखने का मन बना चुका है। भारत मुख्य रूप से कच्चे तेल को सऊदी अरब और नाइजीरिया से आयात करता है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से ईरान को ये संदेश मिल गया था कि भारत उसके साथ आर्थिक और सामरिक संबंधों को मजबूती देना चाहता है।

भारत और अमेरिका के बीच 2008 में हुए असैन्य परमाणु करार के बाद ईरान के साथ बहुत सारी परियोजनाओं को या तो रद कर दिया गया था या टाल दिया था। इस कारण ईरान भारत से खफा तो था। भारत और ईरान के बीच मतभेद और गलतफहमियां रही हैं। ईरान इस वजह से भारत से नाराज था, क्योंकि भारत ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) में ईरान के परमाणु रिकॉर्ड के खिलाफ नाकारात्मक वोट किया था। भारत ने अमेरिका के दबाव में ईरान के खिलाफ वोट किया था।

ईरान भी भारत से संबंधों को मजबूती देना चाहता है। भारत तेल एवं गैस का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है और वह ईरान से अधिकतम तेल एवं गैस खरीदना चाहता है। ईरान भी चाहता है कि उसे भारत जैसा बड़ा खरीदार मिल जाए। ईरान के मौजूदा नेतृत्व को पता है कि भारत की राजधानी दिल्ली में 1970 और 1980 के दशक में ईरानी छात्र अपने देश में राजशाही के खिलाफ खूब प्रदर्शन करते थे। तब उन्हें यहां के नागरिकों का साथ मिलता था। यह वह दौर था जब ईरान में अयातुल्ला खुमैनी के नेतृत्व में राजशाही के खिलाफ आंदोलन चल रहा था। उस आंदोलन के कारण ही ईरान में राजशाही को उखाड़ फेंका गया था। उस आंदोलन में हर वर्ग के लोगों की भागीदारी शामिल थी। कुल मिलाकर बात ये है कि भारत को ईरान-पाकिस्तान के संबंधों में आई कड़वाहट का लाभ लेना चाहिए।

## विचार

डॉ. शंकरलाल शास्त्री

# श्रीराम हैं भवसागर से तरने के पर्याय

समूचे भारत देश में जन-जन के आराधक और जीवन तारक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र का अलौकिक भव्य मंदिर का अयोध्याधाम में निर्माण और मंदिर में श्री राम की बाल लीलाओं सहित विभिन्न उपदेशात्मक लोकप्रिय कथाओं को उकेरते शिल्प शास्त्रीय वैभव हमें श्री राम के परोपकार, प्रजावत्सलता, भ्रात प्रेम, आज्ञापालन व धैर्यादि जैसे न जाने कितने ही गुणों को हृदयंगम करने की सीख देते हैं।

श्री राम जैसे आदर्श चरित को लिखने वाले यह वही महर्षि वाल्मीकिजी हैं जिन्हें एक पक्षी पीड़ा के चलते मन को इतना विचलित कर दिया था और यही कवि रामायण जैसे महान ग्रंथ को लिखने वाले आदिकव बने और उनका ग्रंथ आदिकाव्य। पलभर में अपना राजतिलक त्यागने वाले श्री राम जैसा धैर्यवान कौन हो सकता है जिन्होंने संपूर्ण राज्याभिषेक की तैयारियों का परित्याग कर वन में प्रस्थान किया। मां सीता उनकी अनुगामिनी बन वन को ही राजमहल मानकर उस कालखंड को प्रकृति के बीच ही जीया था। जहां पशु पक्षियों के साथ उनका घनिष्ठ आत्मिक संबंध हो गया था। श्री राम जी की घर-घर में पूजा- अर्चना के साथ-साथ चहुंओर ओर फैराती 'जय श्री राम' की खूबसूरत दिव्य विजय पताकाएं न केवल हमारे धार्मिक अनुष्ठान को पूर्णता दे रही हैं। बल्कि यह काल भारत देश के सांस्कृतिक जागरण का पुनर्काल खंड है । श्री राम की सहगामिनी मां सीता को भी अग्निपरीक्षा देनी पड़ी थी फिर आज के आधुनिक दौर में एक साधारण जन की तो बात ही क्या है? इस कलियुग जीवन में न जाने आज कितनी ही अग्नि परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है।




'जन-जन के श्री राम ' नामक स्वरचित गीत की चंद पंक्तियां 'जन सेवा पर सेवा वसुधा की करें सेवा

प्रभु श्री राम से सीखें धैर्य की मधुर शिक्षा।'

करुण रस के रससिद्ध कवि भवभूति के उत्तर रामचरित जिसमें श्री राम कहते हैं लोक रक्षा के लिए यदि मुझे स्नेह, दया और सौख्य की प्रतीक जानकी का भी परित्याग करना पड़ा तो अवश्य ही करुंगा। दुर्मुख का कथा प्रसंग इसका जीता- जागता उदाहरण है।

हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हमें छल, कपट और दूसरों का अहित न करने का संदेश देते हैं।

श्रीराम हमें यह भी सिखाते हैं हमें अपनी भांति ही दूसरों के हितों का भी ध्यान रखना चाहिए।

स्वयं को सर्वगुण संपन्न मान कर दूसरों को नीचा दिखाने की बजाय श्रीराम वसुधैव कुटुम्बकम के भावों को जीवन में उतारने का अमर संदेश देते हैं। हमें राममय होने के लिए दूसरों के जीवन को उजाड़ने की अपेक्षा संवारने का कृत्य करना चाहिए। बाधाओं की अपेक्षा साधक बनने का कार्य करना चाहिए। धर्म और सत्य के रूप हैं श्रीराम किंतु हम स्वयं को सत्यवादी हरिश्चंद्र और अन्य को रावण का सर्टिफिकेट दे देने क्या हम विशुद्ध रूप से सत्यवादी और धर्म के आधार पुरुष बन पाएंगे।

दूसरों को यदि हम पीड़ित खुश भले हो लें किंतु हमारी अन्तर्रात्मा हमें जरूर झकझोर देती है। इसका भी आकलन भली-भांति करना चाहिए। रामराज्य का तात्पर्य यही है कि हम कण-कण में श्रीराम का रुप मानकर किसी की भावनाओं को आहत न करें। किसी को उत्पीड़ित न करें। श्रीराम के संदेशों से हम हमारे जीवन की दशा एवं दिशा दोनों बदल सकते हैं। हमारे राम करुणामय हैं। संसार के उद्धारक हैं।

# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
**दर्शन**

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

# अहंकार ही व्यक्ति के समस्याओं का कारण



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कैसे दूर होगी गरीबी

हाल में नीति आयोग ने देश की गरीबी के लिए आंकड़ा प्रस्तुत किया है, जिसमें यह बताया गया है कि देश में पिछले लगभग 9 वर्षों में लगभग 24 करोड़ से ऊपर के लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, मुख्यतः तीन राज्यों मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार का आंकड़ा सकारात्मक है। इसका आकलन लोगों के जीवन स्तर, इनके रहन-सहन और शिक्षा के आधार से किया गया है। हमारे देश में गरीबी के वैसे तो बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरण के कारण भी गरीबी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। मौसम चक्र के बिगड़ने के कारण दुनिया भर में इसका कृषि पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, इससे खाने-पीने की चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है, इससे महंगाई व गरीबी बढ़ेगी। - *विक्रम साहू, कांकेर*

## ट्रेंड

### तंबाकू के उपयोग में गिरावट



तम्बाकू के उपयोग में गिरावट आई है। 2000: दुनिया भर में 3 में से 1 वयस्क तम्बाकू का सेवन करता है। 2022: दुनिया भर में 5 में से 1 वयस्क तंबाकू का सेवन कर रहा है। डब्ल्यूएचओ तंबाकू नियंत्रण नीतियां लागू करने का आग्रह करता है।

**-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### वैकल्पिक विज़न रखा



भारत जोड़ो न्याय यात्रा से हम एक वैकल्पिक विज़न रख रहे हैं। एक तरह 'नफ़रत और अन्याय' की विचारधारा है और दूसरी तरफ 'भाईचारे और न्याय' की। जहां देश के संसाधनों पर सिर्फ कुछ लोगों का कब्ज़ा है, हम सबकी हिस्सेदारी चाहते हैं।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### वेस्टइंडीज का अच्छा खिलाड़ी



युवा शमर जोसेफ के करियर पर बहुत दिलचस्पी से नजर रखूंगा। ऑस्ट्रेलिया में रहते हुए केरी ओकिफी के बारे में बात करना बंद नहीं कर सके और उनका क्या डेब्यू रहा है। मुझे उम्मीद है कि वेस्टइंडीज के पास एक ऐसा खिलाड़ी है।

**-हर्षा भोगले, क्रिकेट विशेषज्ञ**

### सच्चा ज्ञान जीतने में नहीं



सच्चा ज्ञान लगातार तर्क जीतने के बारे में नहीं है। यह परिपक्व होने और यह महसूस करने के बारे में है कि आपका समय बहस करने के बजाय अधिक सार्थक कार्यों में व्यतीत होता है।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# राम मंदिर को लेकर दावोस में भी हलचल

अयोध्या स्थित राम मंदिर को लेकर विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान स्विट्जरलैंड के स्की रिसॉर्ट शहर दावोस में भी हलचल देखने को मिली। श्रद्धालु यहां आगामी सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर राम भजन आयोजित करने और दीये जलाने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा सरकारी और निजी क्षेत्र के कई वैश्विक कारोबारी लोग भारतीय प्रतिनिधिमंडल से पूछताछ कर रहे हैं। ये लोग उत्तर प्रदेश के शहर अयोध्या को एक बड़े धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने से सृजित कारोबारी और अवसरंचना संबंधी अवसरों के बारे में जानना चाहते हैं।




## ऑफ बीट

# शराब छोड़ने पर जिगर के साथ क्या होता है

वास्तव में, क्या लीवर वापस बढ़ सकता है? लीवर मानव शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है। शराब जैसे विषाक्त पदार्थों का असर कम करने सहित सैकड़ों शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए इसकी आवश्यकता होती है। चूंकि यह पी गई शराब के संपर्क में आने वाला पहला अंग है, इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि यह शराब के प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है। हालाँकि, लंबे समय तक भारी शराब के सेवन से मस्तिष्क और हृदय सहित अन्य अंग भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। यह लीवर में वसा जमा होने (फैटी लीवर) से लेकर निशान बनने (सिरोसिस) तक होने वाली बीमारी का एक पहलू है



## संक्षेप

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, तड़पते हुए ऑन द स्पॉट थमी सांसें, चालक तेजी से भगा ले गया गाड़ी**

हमीरपुर, हमीरपुर में कानपुर-सागर नेशनल हाईवे पर आज एक अज्ञात ट्रक से कुचलकर दो बाइक सवारों की घटना स्थल पर ही मौत हुई है। इस हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। यह हादसा एनएच 34 पर इंगोहटा और मौदहा के बीच हुआ है। यहां देर रात बाइक सवार दो युवक जो सुमेरपुर से मौदहा की ओर जा रहे थे। तभी मौदहा की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने दोनों बाइक सवारों को सीधी टक्कर मारी और कुचलता हुआ निकल गया। जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे को अंजाम देने वाला चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया है। हादसे का शिकार हुए दोनो युवक जलालपुर के रहने वाले हैं जिसमें एक 20 वर्षीय राधे है जबकि दूसरा 22 वर्षीय लखन है। सूचना पर पहुंची सुमेरपुर थाना पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी है।

### भगवान राम के जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी का शुभारंभ

**भगवान राम के जन्म से लेकर उनके प्रेरणादायी जीवन के प्रेरक प्रसंगों की प्रदर्शनी देख लोग हुए आनंदित**

राठ, हमीरपुर जनपद में राठ कस्बे के सेठ छोटेलाल एकेडमी विद्यालय में आज भगवान श्री राम के जीवन से जुड़ी एग्जीबिशन (प्रदर्शनी) का शुभारंभ किया गया। आयोजित भगवान श्री राम की एग्जीबिशन (प्रदर्शनी) में उनके प्रेरणादायी जीवन के प्रेरक प्रसंगों को अपनी चित्रकला के माध्यम से कागज पर चित्रित किया गया। इस दौरान हरिप्रकाश गुप्ता व अल्पना गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य आशिया बुशरा ने बताया कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण को लेकर जब समूचा देश व समाज राममय है। तथा इससे पवित्र अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के प्रेरणादाई जीवन से जुड़े अति महत्वपूर्ण प्रसंगों की एग्जीबिशन प्रदर्शनी को लगाया है। तथा छात्र-छात्राओं ने इस एग्जीबिशन (प्रदर्शनी) में अपनी कला से ज्यादा अपने भावों को अभिव्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस भावपूर्ण एग्जिबिशन (प्रदर्शनी) का आज शुभारंभ किया गया है जो कि 26 जनवरी तक यह भगवान श्री राम की प्रदर्शनी लगी रहेगी। उन्होंने बताया कि आयोजित इस प्रदर्शनी में भगवान राम के जन्म से लेकर उनके जीवन में आई हर तरह की की कठिनाइयों व उनसे जुड़े प्रत्येक प्रसंगों को चित्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 26 जनवरी को इस प्रदर्शनी का समापन किया जाएगा

# प्रभारी मंत्री ने जिले के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। प्रदेश के मत्स्य/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद ने शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान आकांक्षात्मक जनपद बहराइच द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अर्जित की गई उपलब्धि के लिए जिले के अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी सभी अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय रखते हुए विकास की गति को बनाये रखें। प्रभारी मंत्री ने अधि.अभि. लोक निर्माण विभाग व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि अयोध्या की ओर जाने वाले मार्गों पर विशेष साफ-सफाई करायी जाय। प्रभारी मंत्री ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिले की प्रगति एवं उपलब्धि को अद्यतन रखा जाय। कम अंक प्राप्त करने वाले विभागों की समीक्षा की जाय। सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी पात्र लोगों को योजनाओं से आच्छादित कराएं। प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों की ओर से प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराते हुए की गई कार्यवाही से उन्हें भी अवगत करायें। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व नानपारा के राम निवास वर्मा द्वारा भी महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधियों का आभार ज्ञापित करते हुए जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठक के माध्यम से प्राप्त हुए निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ एस.के. सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## रूपईडीहा पुलिस ने चौक चौराहों पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

**प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एलर्ट रुपईडीहा पुलिस**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। सरहदी थाना क्षेत्र रूपईडीहा मे समस्त चौक चौराहों पर रूपईडीहा पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थानाक्षेत्र के कस्बा बाबागंज चौराहे पर बैरीकेटिंग लगाकर आने जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है। पुलिस कर्मियों को संदिग्धों पर नजर रखने तथा विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। आने जाने वाले वाहनों को तलाशी लेकर ही जाने दिया जा रहा है। पुलिस कर्मियों को सघन चेकिंग करने और संदिग्धों पर कडी नजर रखने को निर्देश दिए गए है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सहित चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविंद वर्मा, एन के गुप्ता, आरक्षी भारत यादव, आरक्षी अंकुर यादव, देवेंद्र कनौजिया आदि पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# एसएसबी 42वीं वाहिनी ने जीता लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ वाहिनी का खिताब

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस (हीरक जयंती) के अवसर पर अमित शाह गृह मंत्री, भारत सरकार दिनांक 20 जनवरी को आयोजित समारोह प्रशिक्षण केंद्र सलोनीवाडी, असम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि को जवानो के द्वारा सलामी, मार्च, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न साहसिक करतलो का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बल के गौरवशाली 60 वर्षो के इतिहास को बताया गया कि बल किस प्रकार स्पेशल सर्विस ब्यूरो से सशस्त्र सीमा बल की भूमिका में आया और केन्द्रीय सशस्त्र बलों में अपनी सर्वाधिक लोकप्रियता वाला बल बना। सशस्त्र सीमा बल पहला सीमा रक्षक बल है जिसने महिलओं की भर्ती की तथा महिलाएं विभिन्न दुर्गम क्षेत्रों में पुरुषों से कंधे से कन्धा मिलकर ड्यूटी का निर्वहन कर रही है। बल की प्रचालन एवं अहम विभिन्न गतिविधियों के आंकलन के आधार पर मुख्यालय एवं वाहिनी जो प्रथम रही है उनको गृह मंत्री द्वारा ट्रॉफी अलंकृत किया गया जिसमे 42वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जनपद-बहराइच द्वारा सर्वश्रेष्ट वाहिनी का खिताब अपने नाम किया। जिसे गृह मंत्री ने गंगा सिंह उदावत कमांडेंट42वी वाहिनी को सर्वश्रेष्ठ वाहिनी का ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अंत में गृहमंत्री द्वारा अपने भाषण में बल के कार्यों की सराहना की तथा बल के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

# भारत-नेपाल के उच्चाधिकारियों के बीच भारतीय सीमा क्षेत्र में हुई समन्वय बैठक

अमन लेखनी समाचार





रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल बॉर्डर सीमा क्षेत्र में जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की उपस्थिति मे दोनों देशों के उच्चाधिकारियों के बीच सीमा सुरक्षा समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, आगामी गणतंत्र दिवस तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान दोनों देशों के उच्चाधिकारियों द्वारा भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में संवैधानिक गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण बनाए रखने हेतु सहमति जताई गई और सरहदी सीमा क्षेत्र के नो मैन्स लैंड एरिया का दौरा किया गया। दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा के आर-पार अवैध गतविधियों पर सख्ती से रोक लगाने पर सहमति बनाई। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि भारत एवं नेपाल देश के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। दोनों देशों के बीच सौहार्द बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी ताकि दोनों देशों को लेकर विश्व में एक अच्छा संदेश पहुंचे। सीडीओ बांके श्रवण कुमार पोखरेल ने कहा कि अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी हम दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में मुख्य रूप से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक बहराइच सहित नेपाल राष्ट्र के बांके तथा बर्दिया जिले के उच्चाधिकारीगणों के साथ क्षेत्राधिकारी नानपारा, एसएचओ रूपईडीहा, एसएसबी एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कतर्नियाघाट में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई तेंदुए की मौत

**लगातार हो रही बाघ और तेंदुए की मौत बनी चर्चा का विषय**

**कतर्नियाघाट मे वन्यजीवों का अस्तित्व खतरे में**

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में वन्यजीवों की हो रही रहस्यम मौत पर चर्चा गरम हो गई है। क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही है । सूत्रों की माने तो वन विभाग की मिली भगत या वन विभाग के लापरवाही से वन्य जीव अपनी जान गंवा रहे हैं। वही पोस्टमार्टम में वन्यजीवों की मौत पर स्पष्ट रिपोर्ट न जारी कर पाना कहीं ना कहीं वन विभाग की संदिग्धता पर उंगलियाँ खड़ी करता है। इसी जनवरी महीने में नवागत डीएफओ बी शिव शंकर के कार्य भार संभालने के बाद दो तेंदुए और एक बाघ की मौत हो चुकी है लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं चल सका है जिससे लोग संदिग्धता जता रहे हैं। इसी महीने कतर्नियाघाट में एक बाघ और एक तेंदुए की मौत के बाद शनिवार सुबह मुर्तिहा रेंज के लाल बोझा के पास खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में तेंदुए का शव बरामद हुआ। तेंदुए के शव में चोट व जख्म के निशान साफ-साफ दिखाई दे रहे हैं। वही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को कब्जे में ले लिया। क्षेत्र व आसपास के सैकड़ों ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे लेकिन वन विभाग ने उन्हें तेंदुए को करीब से देखने भी नहीं दिया। मौके पर ग्रामीणों को चर्चा करते सुनाया गया जिसमें ग्रामीण चर्चा कर रहे थे कि शायद शिकारी द्वारा तेंदुए को जाल में फंसाया गया और और उसे मौत के घाट उतारने के लिए उस पर हमला किया गया लेकिन वन विभाग मौत का रहस्य छिपाने के लिए पास से देखने नहीं दे रहा है। वही सुबह-सुबह खेत पहुंचे ग्रामीणों ने तेंदुआ को करीब से देखा था जिसमें चोट के निशान है जो फोटो में भी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों में चर्चा है कि वन विभाग पहले की तरह कहीं इस तेंदुए को भी ना आपसी संघर्ष या कोई मन गढ़ंत कहानी बता कर रखा दफा कर ले। यदि इसी तरह चलता रहा तो आने वाले दिनों में कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग जो बाघ तेंदुओं के लिए जाना जाता है यहां पर बाघ और तेंदुए खत्म हो जाएंगे। जानकारी के लिए वन विभाग के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया लेकिन नंबर बन्द मिले। वहीं एसडीओ वन्यजीव रमेश चौहान के नंबर पर घंटी बजती रही लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# तहसील नानपारा में सम्पन्न हुआ कम्बल वितरण कार्यक्रम



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील नानपारा मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने विकास खण्ड बलहा के असगर अली, बांके, साबरा, बानो, खातूना, फूलजहां, सुनीता देवी, बानो, कल्लू, जब्बार, इलायची देवी, शकूर, दुलारा, मंसूर, हासिम, सौखत, मुख्तियार, इमामन, नाजमा, रसीद, जयपता, शान्ती देवी, अनारा, नकैया, रामदुलारी, दयाराम, मुस्तकीम, सुबेदार, सावित्री व सागर तथा नानपारा देहाती के काबूतरी देवी, आशा देवी, माया देवी, केवला देवी, अंजना देवी, सीमता, सुन्दर पता, नेमा, जयवन्ती, बीना, बेला देवी, फूलन देवी, ननकऊ व पूनम को कम्बल का वितरण किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में नानपारा में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के दिये निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील नानपारा में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., उप जिलाधिकारी अजित परेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निदेर्शों को अमलीजामा पहनाया जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीसीओ आनन्द शुक्ला, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी सहित समस्त सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान तहसील नानपारा में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 56 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 20 का मौके पर निस्तारण किया गया।

***समाधान दिवस के क्रम मे तहसील महसी में प्राप्त 21 में 03, सदर बहराइच में प्राप्त 21 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 75 में 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 10 में 01 तथा पयागपुर में प्राप्त 56 में 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।***

# अमानीगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**भाजपा महामंत्री ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अयोध्या के अमानीगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत देवरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उनसे लाभान्वित परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अशोक कसौधन ने कहा कि पीएम मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। पीएम मोदी ने आज विकास की गारंटी लेने काम किया है। 500 वर्षों का संघर्ष फलीभूत हो रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हो रहे हैं। भाजपा सरकार में सभी वर्गों का विकास हुआ है। किसान खुशहाल हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भी 18 घंटे बिजली मिल रही है। गैस सिलेंडर के लिए पहले लाइनें लगती थीं। अब सब्सिडी पर गैस घर-घर पर पहुंच रही है। नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि 2047 में भारत विकसित राष्ट्र बने और सभी आत्मनिर्भर हो। पीएम ने राम राज्य की अवधारणा पर काम करने का संकल्प लिया है। कांग्रेस पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से अब तक भारत जोड़ने का काम क्यों नहीं किया। किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनूप सिंह रानू ने कहा कि मोदी योगी सरकार ने माताओं बहनों को इज्जत घर देने और राशनकार्ड में मुखिया बनाकर सम्मान देने का काम किया है। ग्रामीण आजीविका मिशन की सखी अफरोज बानो ने अपनी कहानी सुनाते हुए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। प्रमुख एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पवन सिंह ने संकल्प यात्रा में पधारे अतिथियों और ग्रामीणों का आभार प्रकट किया।

# अंबेडकरनगर में दो भाई के परिवारों में खूनी संघर्ष

- एक की मौत, 12 से ज्यादा घायल, पानी के छींटे पड़ने को लेकर शुरू हुई थी मारपीट

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अंबेडकरनगर में अकबरपुर थाना इलाके भवानीपुर में पानी के छीटे पड़ने के विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के परिवार में जमकर लाठी डंडे चले। जिससे दोनों पक्ष से करीब एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना में गम्भीर रूप से घायल एक युवक की बुधवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि अन्य घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना के अनुसार, बुधवार देर शाम अकबरपुर कोतवाली इलाके के भवानीपुर निवासी खियाली के परिजन अपने निमार्णाधीन मकान पर पानी डाला रहे थे। पानी की छींटे दूसरे भाई हरखाली के छत पर पड़ रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच कहासुनी शुरू हुई और घटना खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। मारपीट के दौरान 6 महिलाओं समेत दर्जन भर लोग दोनों पक्षों से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां से घायल एक 30 वर्षीय प्रदीप को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज सदरपुर भेजा गया, वहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

# 1 किलोग्राम सोने के राम यंत्र पर विराजेंगे रामलला

**इस यंत्र में 121 देवताओं का वास; आज राम की प्रतिमा गर्भ गृह में आएगी**

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगिराज के हाथों गढ़ी गई 5 साल के बालक की रामलला की प्रतिमा आज भव्य राम मंदिर के गर्भगृह में पहुंच जाएगी। यह प्रतिमा मकराना के श्वेत संगमरमर के सिंहासन पर स्थित श्रीराम यंत्र के ऊपर स्थापित होगी। पूजन के बाद प्रतिमा स्थल पर यंत्र की स्थापना कर दी गई है। जिस राम यंत्र पर रामलला की स्थापना होने जा रही है, वह यंत्र सोने का है। जो लगभग 1 किलो वजन का है, यह यंत्र 1 वर्ग फीट आयताकार है। इस यंत्र में श्री राम उनके सारे गण उनके परिवार के लोग देवी देवताओं का वास शब्दों और मंत्रों के द्वारा उकेरा गया है। श्री राम यंत्र में 121 देवी देवताओं का वास होता है। राम अर्चन पूजन में इसी यंत्र की पूजा की जाती है। मान्यता है कि पूजन के बाद यंत्र में स्थापित देवता जागृत हो जाते हैं और उनके देवता से संपर्क बना रहता है। बुधवार शाम को करीब 500 महिलाएं सरयू से जलकर भरकर श्रीराम जन्मभूमि तक चलीं। इनमें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक और जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह भी शामिल थीं।

# सुल्तानपुर में वृद्ध से हुई लाखों की ठगी

- प्रधान व सहयोगी ने पट्टे के लिए लिया 12 लाख, मकान पर कराया 34 लाख का लोन

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में ग्राम प्रधान व उसके सहयोगी ने एक वृद्ध के साथ लाखों की ठगी कर ली। पांच बीघे जमीन पट्टा करने के एवज उससे 12 लाख रुपए ले लिए गए तो सादे कागज पर साइन ये कहकर कराया कि पैन और आधार कार्ड बनेगा तब पट्टा होगा। इससे उसके मकान पर 34 लाख का लोन ले लिया गया। बैंक से रिकवरी नोटिस जारी हुई और बैंक के अधिकारी मौके पर पहुंचे तो वृद्ध को जानकारी हुई। अब एक माह से पीड़ित अधिकारियों के चक्कर काट रहा और फटकार सुन रहा। पूरा मामला बल्दीराय थानाक्षेत्र के पूरे मल्लाहन अशरफपुर गांव का है। यहां के रहने वाले वृद्ध अयोध्या प्रसाद लाखों की ठगी का शिकार हुआ है। पीड़ित ने बताया कि गांव के शिव प्रसाद पंडित और प्रधान धर्मेंद्र तिवारी ने हमें गांव के पश्चिम की ओर स्कूल के पास 5 बीघे जमीन पट्टा करने की बात कहकर 12 लाख रुपए कैश और एकाउंट से ले लिए। लेकिन पट्टा नहीं हुआ। हमने कई बार कहा तो जवाब मिला कि चुप हो जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। यही नहीं पीड़ित की मानें तो हरियाणा में वो सरकारी नौकरी करता था, उसकी सैलरी स्लिप लेकर ठगों ने ये कहते हुए सादे कागज पर साइन कराया कि आधार कार्ड और पैन कार्ड बने बगैर पट्टा नहीं हो पाएगा। उसके बाद उसी कागजात को लगाकर दोनों ठगों ने मकान पर 34 लाख रुपए का लोन ले लिया और पीड़ित को कानों-कान खबर नहीं हुई। एक माह पूर्व जब बैंक से रिकवरी की नोटिस आई और बैंक अधिकारी घर पर पहुंचे तो उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का ज्ञान हुआ। पीड़ित अयोध्या प्रसाद के अनुसार, हमें कुछ मिला नहीं, हमारी जान जाने वाली है। हम एक महीने से जगह-जगह शिकायत कर रहे हैं लेकिन हर जगह वो पैसा दे दे रहा है। हमारे पास तो पांच रुपए नमक खरीदने को नहीं है। कोई अधिकारी हमारी सुन नहीं रहा है।

## संक्षेप

### पुलिस प्रशासन ने गेस्ट हाउस को सीज किया

**मानक पूरे नही मिलने पर दस्तावेजों की जांच के बाद की कार्रवाई**

खुर्जा, जिला बुलंदशहर में एसडीएम और सीओ ने स्याना नगर के हापुड़ मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस को मानक पूरे नहीं होने पर सीज कर दिया है। प्रशासन की कार्रवाई से इलाके के अन्य होटल संचालकों में हड़कंप मच गया है। इससे पूर्व जिला बुलंदशहर में भी होटल को सीज किया गया था। कारवाई से इलाके के होटल संचालक में हंडकंप मच गया है। बुलंदशहर के स्याना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हापुड़ रोड स्थित एक होटल को गुरुवार को सीओ और एसडीएम मोनिका सिंह ने संयुक्त रूप से छापेमार कार्रवाई करते हुए होटल को मानक पूरा नहीं होने पर सीज कर दिया। प्रशासन की कार्रवाई से होटल के स्टाफ में हड़कंप मच गया है। एसडीएम स्याना ने बताया कि जांच में होटल में मानक तय नहीं मिले थे। मानक पूरे नही होने पर होटल संचालक के खिलाफ सीज की कार्रवाई की गई है। भविष्य में मानक पूरा नहीं करने वाले होटल के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### भिक्षावृत्ति रोकने के लिए जागरूकता अभियान

**सोनभद्र में अधिकारियों ने धर्म गुरुओं-सामाजिक संगठनों से मांगी मदद, कहा-बच्चे देश की धरोहर**

सोनभद्र, सोनभद्र में जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में जनपद स्तर पर बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए रेस्क्यू एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे बाल कल्याण समिति के सदस्य अमित चन्देल ने धर्म गुरुओं एवं मन्दिर प्रबन्धन समिति से बाल भिक्षावृत्ति रोकने में सहयोग करने की अपील की। बाल कल्याण समिति की अगुवाई में चले इस अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। वैष्णो देवी माता मंदिर डाला से यह अभियान चलाया गया। जिसके बाद बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मार्केट चोपन में टीम द्वारा दुकानदारों व लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि बच्चे देश की धरोहर हैं। देश के भविष्य हैं। इसलिए बच्चों की पढ़ाई, खेल, खानपान के प्रति विशेष ध्यान देना चाहिए। अभियान के दौरान यह अपील की गई कि यदि 18 वर्ष से कम उम्र के बालक व किशोर भिक्षावृत्ति या बाल श्रम में लिप्त पाए जायं, भीख मांगते हुए देखे जायं तो तुरंत चाइल्ड लाइन टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचना दें, जिससे बच्चों को पर्याप्त संरक्षण देते हुए पुनर्वास किया जाना संभव हो सके। इस दौरान ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे ने बताया गया कि बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए पात्र बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के अन्तर्गत शिक्षा से जोड़ा जाएगा। अभियान में बाल कल्याण समिति के सदस्य अमित चन्देल, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, रोमी पाठक समेत स्थानीय पुलिस भी शामिल रही।

## आजाद भारत में कपूर्री जैसा व्यक्तित्व मिलना दुर्लभ - डॉ. जे.पी.

### जननायक कपूर्री ठाकुर के जन्मशताब्दी वर्ष पर संगोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। एआईएमसीईए उ. प्र. जनपद इकाई गोरखपुर के तत्वावधान में सामाजिक न्याय के पुरोधा, दबे कुचले, अति पिछड़े वर्ग के मसीहा, बिहार प्रान्त के पूर्व मुख्यमन्त्री, जन-जन के नायक कपूर्री ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह, प्रेस क्लब में धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय डॉ० जे० पी० शर्मा ने जननायक कपूर्री ठाकुर के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कपूर्री ठाकुर जी ने सादा जीवन उच्च विचार का एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया जो आजाद भारत में किसी नेता में मिलना दुर्लभ है। उन्होंने आम जनमानस की पीड़ा को दिल से महसूस किया और अवसर मिलते ही, उनकी पीड़ा को दूर करने के लिए काम किया इसीलिए जननायक कहलाये। विशिष्ठ अतिथि प्रेमनारायण नन्द ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर ईमानदारी और सादगी के मिशाल थे। बिहार के उप मुख्यमन्त्री, दो बार मुख्यमन्त्री एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहने के बाद भी मृत्यु के उपरान्त उनका घर एक झोपड़ी के रूप में था। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व सर्वदा अनुकरणीय है।समारोह के मुख्या वक्ता माननीय सुदामा प्रसाद नन्द ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर का सम्पूर्ण जीवन संघर्षों से भरा रहा। बिहार जैसा राज्य जहाँ सामंतवादी व्यवस्था चरम पर थी। ऐसे प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने चिंतन ,मनन और अदम्य साहस के साथ निर्णय लेने की क्षमता ने भारत के राजनीतिक फलक पर ऐसी चमक फैलाई कि पूरे देश में अतिपिछड़े वर्ग का पृथक आरक्षण, महिलाओं को आरक्षण, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के आरक्षण की मांग उठने लगी। बहुत से राज्यों ने अपने राज्य में लागु भी कर दिया। उनकी उदारता, मृदुभाषिता, ईमानदारी और संघर्षों का परिणाम है कि आज पूरा देश उनकी जन्मसदी मन रहा है। हमे जननायक कपूर्री ठाकुर के जीवनवृतान्त से प्रेरणा लेकर, भारतीय संविधान की रक्षा करते हुए, समाज के दबे-कुचले लोगो को वास्तविक आजादी दिलाने के लिए कार्य करना होगा। यही हमारे संगठन का लक्ष्य है। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयप्रकाश नन्द ने किया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में उन्होंने कहा कि दुबे कुचलो की आवाज, सामाजिक चिन्तक न्याय के पुरोधा जननायक कपूर्री ठाकुर के जन्मसदी वर्ष में हम अपने संगठन के माध्यम से, भारत सरकार से भारत-रत्न सम्मान देने की मांग करता हूँ। समारोह के मंच का कुशल संचालन ए आई एम सी ई ए उ .प्र. के प्रदेश मीडिया प्रभारी विनय कुमार नन्द ने किया। जननायक कपूर्री ठाकुर के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेकर एक विकसित और समानता पर आधारित समाज और देश की संकल्पना विनय जी के संचालन की विशेषता रही। इसके अलावा जिला सचिव श्रीभागवत नन्द, कोषाध्यक्ष बचऊ नन्द, रामानन्द, मण्डल अध्यक्ष रवि कुमार नन्द, मण्डल सचिव अरविन्द नन्द, साधूसरण नन्द, विकास नन्द, नकछेद नन्द, रामकरन नन्द, आर डी नन्द ने भी अपने अपने विचार रखे। समारोह में देवेन्द्र शर्मा, रामाश्रय ( भगत जी) उमेश शर्मा, अशोक नन्द, संगम नन्द शर्मा मीडिया प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## विकास के दम पर भाजपा की बनेगी सरकार -धर्मेंद्र सिंह

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा, गोरखपुर। भाजपा सरकार में केंद्र और प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। साथ ही साथ अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को भी संचालित किया जा रहा है। जिसका लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। इस सरकार में रोजगार परख शिक्षा के साथ, रोजगार अवसर भी मिल रहे है। जिसका लाभ लोगो को मिल रहा है। उक्त बातें विधान सभा परिषद सदस्य डा धर्मेंद्र सिंह ने सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत सिसवा में पंचायत भवन का लोकार्पण और भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के बतौर लोगो को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान ग्राम पंचायत में कराए गए नौ विकास योजनाओं का लोकार्पण किया गया। विशिष्ठ अतिथि विधायक सहजनवा प्रदीप शुक्ल व विधायक खजनी श्रीराम चौहान ने कहा की सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगो को मिल रहा है। विकास के दम पर केंद्र में फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस दौरान गोद भराई का भी कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम उपरांत 1500 जरूरतमंदो को कम्बल वितरण किया गया। और ड्रोन कैमरे से यूरिया छिड़काव कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान माया मिश्र संचालन डा आरडी सिंह ने किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम विशाल उर्फ टिंकू मिश्र ने आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान मदन मुरारी, बंशीधर यादव, उमेश यादव,विवेक चौधरी,विजय कुमार,उमाशंकर चौरसिया, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 55 मामले निस्तारण शून्य



अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर तहसील सभागार में अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने किया। इस दौरान 55 मामले आए थे। जिसमे निस्तारण शून्य रहा है। इस दौरान राजस्व 26,पुलिस 5,विकास 3,समाज कल्याण 1, अन्य 20 मामले आए थे।राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। जब की पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## प्रधान,सचिव,जेई से रिकवरी के विषय मे फर्जी रिपोर्ट मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत रामपुर गरथौली में बीते वित्तीय वर्ष में मनरेगा के कार्य मे गोलमाल कर फर्जी भुगतान कराने के मामले में ग्राम प्रधान ओमप्रकाश गुप्ता, तत्कालीन सचिव गौरी सिंह, और तकनीकी सहायक आसिफ रिजवी पर 3.22 लाख रुपये रिकवरी का कराने का आदेश बीडीओ सहजनवा ने दिया था, लेकिन दो बार नोटिस जारी होने के बाद भी पैसे की रिकवरी नही हो पाई। इसी बीच शिकायतकर्ता अशोक कुमार गुप्ता निवासी रामपुर गरथौली ने अब तक रिकवरी नही होने पर इसकी शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की थी। जिसपर आख्या लगाई गई है कि नोटिस जारी होने के बाद ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी गोरखपुर को प्रार्थना पत्र दिया गया है कि , वह उनके सचिव, और तकनीकी सहायक को मौके पर उपस्थित नही होने का अवसर दिया गया, और बिना पत्रावली के ही रिकवरी आदेश जारी कर दी।उन्होंने जिलाधिकारी से उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच करने की मांग की गई है। इस आख्या से असन्तुष्ट शिकायतकर्ता ने पुनः शनिवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है कि जांच के समय जांच अधिकारी जेई एमआई अजय कुमार और जेई आरईडी आदित्य प्रकाश मिश्रा ने समस्त कार्यो का सत्यापन करते हुए मौके फोटोग्राफी कराई गई थी, शिकायतकर्ता ने बताया कि दोषियों को बचाने के लिये कूटरचित प्रार्थना पत्र का जिक्र कर इस मामले में आख्या लगाई गई है। शिकायतकर्ता की जांच इस बार जिला उपायुक्त, मनरेगा ,ग्राम्य विकास विभाग को मिली है। इस संदर्भ में डीसी मनरेगा राजमणि वर्मा ने कहा की मामला संज्ञान में आया है। फाइल देखकर रिकबरी कराई जायेगी।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण



अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत श्री संकट मोचन मंदिर व श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर ग्राम कोड़रा, भीटीरावत मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन पर संजीव प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम में सदर सांसद रवि किशन शुक्ला व क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला उपस्थित रहेंगे।मंदिर में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक सुमित शर्मा संरताज के द्वारा राम भजन प्रस्तुति एवं भंडारा अपराह्न 1:00 बजे से 4:00 बजे तक चलेगा यह जानकारी मीडिया प्रभारी चंदन त्रिपाठी ने बताया।

## विद्युत फीडर मैनेजर को पीटा तीन पर एसी/एसटी मारपीट का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा,गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत रानीडीह में विद्युत कार्य से गए विद्युत मैनेजर को आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद तथा 2 अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के दिनेश चंद पुत्र स्व बाबूलाल निवासी झकही जो लाइनमैन के साथ मुरडेवा फीडर पर फीडर मैनेजर के पद पर तैनात है, शुक्रवार को अपराह्न 1.30 बजे रानीडीह गांव में विनोद उपाध्याय के घर के पास स्थित रास्ते से गुजर रहा था। जिनकी पूर्व में बिजली काट दिया गया था। इसी रंजिश को देखते आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर जातिसूचक गालियां देते हुआ लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने विनोद उपाध्याय,विपिन उपाध्याय,प्रवीन उपाध्याय था दो अज्ञात के खिलाफ एससी/एसटी,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## बी.आई.टी. में भी अब संचालित होगा एयर होस्टेस एवं केबिन क्रू के कोर्स

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के बी.आई.टी. मे नवीनतम एवं आधुनिक युग की मांग के अनुरूप अपने संस्थान में संचालित होने वाले कोर्स की श्रृंखला में बृद्धि करते हुए अत्याधिक मॉग वाले पाठ्यक्रम एयर होस्टेस एवं केबिन क्रू को प्रारम्भ कर रहा है। जानकारी प्रदान करते हुए संस्थान के चेयरमैन डा.आर.ए. अग्रवाल व सचिव डा0 रजत अग्रवाल ने कहा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम व कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निरीक्षण के उपरान्त एयर होस्टेस एवं केबिन क्रू कोर्स की मान्यता प्रदान की गयी है। अब इस कोर्स से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त छात्र/छात्राएं विभिन्न विमानन कम्पनीयों में अपनी सेवायें प्रदान कर सकेंगे। वर्तमान समय में गोरखपुर के समीप कुशीनगर, बनारस, अयोध्या स्थित एयरपोर्ट देश व विदेश के शहरों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। विभिन्न विमानन कम्पनीयों द्वारा विमानों का संचालन भी हो रहा है।

साथ ही साथ पर्यटन एवं होटल इन्डस्ट्री का भविष्य भी सुनहरा होगा ऐसी स्थिति में एयर होस्टेस, केबिन क्रू , पर्यटन, होटल एवं हास्पिटालिटी समबन्धी कोर्स निःसंदेह छात्र एवं छात्राओं को रोजगार एवं प्लेसमेंट सृजन में अग्रणी भूमिका रखेंगे। एयर होस्टेस, केबिन क्रू , पर्यटन, होटल मैनेजमेंट एवं हास्पिटालिटी सम्बन्धी कोर्स के लिए यहां के छात्र एवं छात्राओं को दूर शहरों में नहीं जाना होगा अब बी0आई0टी0 में ही उपरोक्त समस्त कोर्स का शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। कार्यक्रम में कालेज के निदेशक प्रशासन-दीपक अग्रवाल, निदेशक एच0आर0 संतोष त्रिपाठी, निदेशक फामेर्सी डॉ0 आशीष सिंह, निदेशक बी0आई0टी0 प्रो0 अरविन्द पाण्डेय, निदेशक बी0डी0सी0 डा0 अभिषेक त्रिपाठी, निदेशक बी0आई0एच0एम0 अरविन्द कुमार पाण्डेय, निदेशक डिप्लोमा ई0 अभिनव श्रीवास्तव, ई0 उज्जवल श्रीवास्तव, प्रो0 एच0एन0 सिंह सहित संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।उपर्युक्त जानकारी निदेशक (प्रशासन) दीपक अग्रवाल ने दी।

## महाविद्यालय में छात्रों को वितरित किए गए स्मार्टफोन




अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के रामानगर देवीगंज अंतर्गत स्थापित बाबू राधेश्याम गुप्ता महाविद्यालय में छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए गए मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्ता एवं अयाह शाह विधानसभा विधायक विकास गुप्ता का विद्यालय परिवार ने भव्य स्वागत किया वहीं मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के 485 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति करण स्मार्टफोन टैबलेट योजना के अंतर्गत वितरित हुए स्मार्टफोन पाकर छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई महाविद्यालय के व्यवस्थापक राजेश गुप्ता ने मुख्य अतिथि समेत सभी विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर विद्यालय परिवार के प्रधानाचार्य छोटेलाल कुशवाहा रंजना शुक्ला अवनीश गुप्ता आशीष ज्ञानेंद्र सचान सुशील सिंह चंदेल समाज सेवी रमेशचंद्र संजीव गुप्ता समेत भारी संख्या में अभिभावक गण मौजूद रहे।

## युवक को अवैध असलहा प्रयोग करना पड़ा महंगा



अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के जहानाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बचनीपुर में छठी के कार्यक्रम में एक युवक अवैध असलहे का प्रदर्शन कर रहा था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई थी शनिवार को जहानाबाद पुलिस द्वारा अभियुक्त रामचंद्र पुत्र स्व राजाराम उम्र करीब 49 वर्ष निवासी ग्राम बचनीपुर थाना जहानाबाद फतेहपुर से करीब 8 बजे एक 315 बोर तमंचा वा 315 बोर जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर मुअसं 09/24 धारा 3/25 एक्ट पंजीकृत कर न्यायलय भेज दिया गया जहां गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, कांस्टेबल मुलायम सिंह, सूर्यभान सिंह जहानाबाद फतेहपुर की टीम रही।

## बिल्डिंग मटेरियल की शॉप में लाखों की चोरी का मामला

- वारदात का खुलासा नहीं होने पर व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



खुर्जा, खुर्जा में शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व बिल्डिंग मटेरियल की शॉप में लाखों की चोरी हुई थी। नाराज व्यापारी सुरक्षा फोरम ने तीन दिनों के भीतर चोरी की वरदाता खुलासा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोतवाल से मिलकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। शिकारपुर कोतवाली नगर की व्यापारी सुरक्षा फोरम की टीम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चतुर्वेदी से मुलाकात की। सात दिन पहले शिव बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में चार लाख दस हजार की चोरी के खुलासे की प्रगति के बारे में जानकारी ली। चोरी की वारदात का खुलासा नहीं होने को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चतुर्वेदी ने व्यापारी सुरक्षा फोरम के अध्यक्ष गोरव मित्तल को बताया कि टीम लगीं हुई है। जल्द से जल्द वारदात का खुलासा होगा। वहीं व्यापारी सुरक्षा फोरम के अध्यक्ष गोरव मित्तल ने कहा कि तीन दिन में चोरी की घटना का खुलासा नहीं होने की सूरत में व्यापारी सुरक्षा फोरम द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। चोरी का खुलासा न होने से व्यापारियों में रोष है।

## नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई संपन्न

**जनपद के सभी विकासखंडों के प्राथमिक स्तर के बच्चों ने किया प्रतिभाग**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जवाहर योजना अंतर्गत नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने हेतु प्रारंभिक परीक्षा जनपद के सभी विकास खण्डों के चिन्हित विद्यालयों में संपन्न कराई गई जनपद के धाता मलवा हसवा ललौली देवमई अमौली समेत सभी विकासखंडों में अभिभावकों ने अपने बच्चों को ले जाकर परीक्षा केंद्रो में भीषण ठंड के चलते परीक्षा दिलाई अनेक विकास खण्डों समेत अमौली विकासखंड में कुल 800 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकन कराया जिसमें शीत लहर के कारण सभी बच्चे उपस्थित नहीं हो पाए विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के अलग-अलग परीक्षा केंद्रो में कुल 368 बच्चों ने परीक्षा दी जबकि 432 बच्चे अनुपस्थित रहे अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र में बनाए गए परीक्षा केंद्र सर्वोदय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिरनई में 135 बच्चों ने परीक्षा दी वही मेवालाल मिश्रीलाल इंटर कॉलेज रनूपुर में 59 बच्चे उपस्थित रहे इसी प्रकार अमौली कस्बे में संचालित बद्री प्रसाद दुलीचंद इंटर कॉलेज में नामांकित 360 बच्चों के सापेक्ष 174 बच्चों ने प्रतिभाग किया विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र सिंह समेत सभी विद्यालयों में विद्यालय की ओर से ठंड से राहत देने के लिए जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की गई वही सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल मौजूद रहा मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा के रूप में पहचान बनाने वाले प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर के छात्र अंश पटेल साक्षी दिव्यांशी आर्यन काव्यांश विनय सौम्या तथा कंपोजिट विद्यालय अमौली की छात्रा राधिका फरीन मंतइशा रानू मोहम्मद अख्तर दिव्यांश प्राथमिक विद्यालय तारापुर की छात्रा प्रियांशी तथा दिव्यांशी समेत सभी बच्चों में नवोदय विद्यालय की शिक्षा ग्रहण करने की ललक दिखाई दी

## परिणय सूत्र बंधन में बंधे जनपद के 359 जोड़े

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला




फतेहपुर। प्रदेश में मुख्यमंत्री विवाह समारोह योजना के अंतर्गत जनपद के ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय में मुख्यमंत्री विवाह समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ जनपद की जिलाधिकारी सी इंदुमती के मार्गदर्शन में एक मुस्लिम जोड़े समेत 359 युगल जोड़े विवाह के बंधन में परिणित हुए जनपद के देवमई विकासखंड के 26 अमौली विकासखंड के 9 मलवा विकासखंड के 20 तेलियानी विकासखंड के 25 खजुहा विकासखंड के 12 हसवा विकासखंड के 34 भिटौरा विकासखंड के 27 बहुआ विकासखंड के 22 असोथर विकासखंड के 13 विजयीपुर विकासखंड के 31 धाता विकासखंड के 31 एराया विकासखंड के 29 हथगाम विकासखंड के 32 समेत नगर पालिका परिषद फतेहपुर नगर पंचायत असोथर कारीकान धाता खखरेरु खागा हथगांव आदि के जोड़े मौजूद रहे कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल आदि अतिथियों ने सभी जोड़ों को शुभ आशीर्वाद प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस मौके पर हसवा ब्लाक प्रमुख विकास पासवान बहुआ ब्लॉक प्रमुख संतोष कुमार असोथर नगर पंचायत अध्यक्ष जिला पंचायत राज अधिकारी समेत भारी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रहा उपस्थित सभी जोड़ों को उपहार सामग्री भेंट की गई।

## संक्षेप

### विद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मत से संपन्न

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विवेक नगर हमीरपुर विद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मत से संपन्न हुआ विद्या भारती द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी केशव सिंह एवं पर्यवेक्षक राम प्रकाश गुप्ता तथा प्रदेश निरीक्षक आत्मानंद सिंह की देखरेख में यह चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मत से अध्यक्ष पद पर सुरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष पद पर राजेश शुक्ला, प्रबंधक रामबाबू गुप्ता, सह प्रबंधक विपिन कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता तथा सदस्य अमर सिंह, देवेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र सिंह परिहार,त्रिमोहन दीक्षित, रघुराज सिंह, लक्ष्मीकांत पुरवार को सदस्य नामित किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों सहित संभाग निरीक्षक शिवकरण सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य बाल गोविंद ओझा उपस्थित रहे। सभी ने पदाधिकारी के चयन पर हर्ष व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय पक्षी मोर की सर्दी लगने से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।थाना क्षेत्र के भोली व जमरेही उपर ग्राम पंचायत के जंगल के राष्ट्रीय पक्षी मोर की सर्दी से मौत होने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने वन विभाग को सूचित कर पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के भोली व जमरेही ऊपर गांव केबीच जंगल में सर्दी के चलते दो राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। ग्रामीण भोली गांव निवासी रामेश्वर पुत्र रामकिशुन, आशीष पाल पुत्र चंद्रशेखर व जंगल के वाचर शिवशरण द्वारा इसकी जानकारी थाना पुलिस को दी गई।पुलिस ने मौके पर जाकर वनविभाग को जानकारी दी।तब वन दरोगा अमर सिंह,वन रक्षक संजय कुमार, चौकीदार हरी सिंह ने मौके पर जाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सोनम दीक्षित व पशुधन प्रसार अधिकारी राहुल कुमार व विक्रम सिंह द्वारा पोस्टमार्टम किया गया।इस अवसर पर ए आई टेक्नीशियन शौरभ, प्रमोद कुमार दिवेदी मौजूद रहे।अंतिम संस्कार किया गया है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

संवाददाता – विजय कुमार अग्रहरि।

**समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, प्रमुख मार्गो, स्कूल/कॉलेजों आदि पर की जा रही चेकिंग**

**महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक**

**बेवजह घूमने वाले मनचलो/सोहदों की चेकिंग कर दी जा रही कड़ी चेतावनी**

अमन लेखनी सामाचार



सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं / बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान मिशन शक्ति अभियान का चतुर्थ चरण चलाया जा रहा है ।इसी क्रम में आज दिनांक 20.01.2024 को नारी सुरक्षा/ नारी सम्मान /नारी स्वावलंबन के प्रति पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दिदि/महिला बीट आरक्षियों/ एण्टीरोमियों टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अपने-अपने बीट/ गांव/स्कूल /कॉलेज में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा ह्लमिशन शक्तिह्व के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरीत कर जागरूक किया गया ।

### पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से तहसील घोरावल पर तहसील दिवस के अवसर पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं

सोनभद्र।दिनांक 20.01.2024 को तहसील दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र सौरभ गंगवार द्वारा संयुक्त रूप से तहसील घोरावल पर जन शिकायतों को सुना गया तथा तहसील दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया ।साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके ।इसी क्रम में जनपद के अन्य तहसील पर संम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया।


# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन




अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर। ललितपुर के ब्लॉक जखौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत निबाई में सरकार की विकास योजना की जागरूकता भारतीय जनता पार्टी के तत्वधान में भारत संकल्प यात्रा लगाई गई जिमसे गांव के सैकड़ों लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से बताया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष वृन्दावन कुशवाहा निबाई ने मां सरस्वती माँ की पूजा अर्चना कर क्रर्यक्रम का शुभारंभ किया गया है विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान उमेद खांन मंसूरी विकास अजय प्रताप सिंह ग्राम पंचायत सचिव अधिकार रामदास बर्मा पशु विभाग केसी निरंजन स्वास्थ्य बिभाग आनंद दीक्षित जी कृषि विभाग स्नेह जयसवाल पशु पालन विभाग दिनेश तिवारी ,भैयन कुशवाहा कलू कुशवाहा ग्राम पंचायत सहायक राजीव पाल संजीव कुशवाहा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जमील खान ग्राम वासी जन अदि मैजूद रहे।

## क्षेत्राधिकारी ओबरा, द्वारा थाना ओबरा का किया गया त्रैमासिक निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दिनांक 20.01.2024 को डॉ0 चारु द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी ओबरा, जनपद सोनभद्र द्वारा थाना ओबरा का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम महोदया द्वारा गार्द सलामी ली गयी तत्पश्चात सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीवी, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया तथा थाना परिसर, बैरक, मेस इत्यादि को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को अद्यावधिक कर बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित/शिकायतकर्ता की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुनने व उनके प्रार्थना-पत्रों को रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत-प्रतिशत सुनवाई करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई करने, शस्त्रों का रख-रखाव व नियमित साफ-सफाई करने हेतु, मिशन शक्ति कक्ष/महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने के साथ ही एंटी रोमियों टीम को अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गये ।

# उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि के निदेशक का हमीरपुर में हुआ स्वागत

**ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए सहकारी समतियो की महत्वपूर्ण भूमिका– डॉ प्रवीण सिंह जादौन**

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर।उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि लखनऊ के निदेशक बनने के बाद जनपद हमीरपुर आए सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन का जनपद हमीरपुर के प्रवेश द्वार पर सहकार भारती एवम् सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया इसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि के द्वारा हमीरपुर में निमार्णाधीन जेल आवासीय परिसर में भवन निर्माण का अवलोकन किया एवम् ठेकेदार से समय से कार्य को पूरा करने को कहा इसके बाद सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधियों को बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि०को शासन द्वारा निर्माण एजेन्सी की मान्यता प्रदान की गयी।संस्था मानकीकृत तथा राजकीय निर्माण एजेन्सी के रूप में अधिकृत है। प्रदेश में 35 निर्माण प्रखण्डों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य सम्पादित कराए जाते है। जनपद हमीरपुर में ड्रग वेयर हाउस का निर्माण किया जा रहा है

निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास में सहकारी समितियां की महत्वपूर्ण भूमिका है. सहकारिता क्षेत्र में महिलाओं ,पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों एवं निर्बल वर्ग के लोगों की आर्थिक उत्थान में अच्छा कार्य कर रही हैं. उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभात जे.पी.एस राठौर के प्रयास से प्रदेश मे सहकारी समितियों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने हेतु व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जिससे सभी समितियों में नए सदस्य बनाए गए इस मौके पर जिला सहकारी बैंक लि हमीरपुर के उप सभापति संतोष गुप्ता जिला विकास सहकार भारती के जिला अध्यक्ष राम मूरत सिंह जिला संगठन प्रमुख जी सी द्विवेदी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवराज सिंह जिला मंत्री जितेंद्र सिंह परमार राम किशोर नंदराम सिंह धीरज साहू शैलेंद्र सिंह ब्रजेश त्रिपाठी उपस्थित थे।

## राम जानकी मंदिर में चौदह कल्प कुटिया का हो रहा निर्माण



अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम के उपलक्ष्य में ग्रामीणों के सहयोग से श्री राम जी के बाल्यकाल से लेकर अयोध्या वापस आने तक की चौदह कल्प कुटिया का निर्माण किया जा रहा है।जिसका कार्य चल रहा है। मंदिर को भी सजाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए सभी लोग लगे हुए हैं ।22 जनवरी को इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।क्षेत्र के झलोखर गांव में स्थित श्री राम जानकी मंदिर के सामने मैदान में ग्रामीणों द्वारा भगवान श्री राम के बाल्यकाल से लेकर अयोध्या वापस आने तक की कल्प कुटिया बनाकर उनको सजाने का कार्य व चित्र बनाकर उनको अंतिम रूप दिया जा रहा है ।इनको लाइट से सजाकर तैयार किया जा रहा है ।प्राण प्रतिष्ठा के दिन भव्य दीपदान किया जायेगा। तथा भजन कीर्तन कार्यक्रम संपन्न होगा। तथा विशाल भंडारे का कार्यक्रम संपन्न होगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी लोग उत्साहित होकर कार्य कर रहे हैं ।कल सभी कार्य पूरा किया जाएगा ।मंदिर में भी लाइट से सजाया जाएगा।

## वस्तु एवं सेवा कर विभाग की टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। वस्तु एवं सेवा कर विभाग की बांदा हमीरपुर की संयुक्त टीम ने सुमेरपुर कस्बे के रामलीला मैदान में संचालित राजा ज्वैलर्स के प्रतिष्ठान में छापा मारकर कार्यवाही शुरू की है। यहां पर लाखों रुपए की टैक्स चोरी पकड़े जाने की संभावना है।

शनिवार को अपराह्न 3 बजे के करीब बांदा से आई वस्तु एवं सेवाकर विभाग जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर बृजेंद्र प्रताप सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर जुबैर अहमद, वाणिज्यकर अधिकारी नीरज ने हमीरपुर की टीम के साथ कस्बे के रामलीला मैदान में संचालित राजा ज्वैलर्स के प्रतिष्ठान में छापा मारकर अभिलेख आदि जब्त करके जांच पड़ताल शुरू की है। टीम को आशंका का है कि यहां पर लाखों रुपए की टैक्स चोरी का मामला सामने आ सकता है। देर शाम तक टीम की कार्यवाही जारी थी।जीएसटी टीम की छापेमारी से कस्बे के अन्य प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया है। तमाम बड़े व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में ताले डालकर इधर-उधर हो गए। ज्वैलर्स की ज्यादातर दुकानों में छापा पड़ते ही ताले लटक गए थे।

### अवैध गांजा सहित युवा गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर।थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी ग्रामीण से पुलिस ने गांजा बरामद कर मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी सुग्रीव सिंह पुत्र शिवदीन सिंह गांव में अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहा था। जिसकी सूचना मुखबिर द्वारा मिलने पर पुलिस ने दबिश देकर गांव से गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया। जिसकी तौल कराने पर एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने गांजा रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 35 शिकायतों में एक का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित



हमीरपुर। शनिवार को जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हमीरपुर तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें से 01 शिकायत का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर दोनों पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का समयबद्ध अनिवार्य रूप से कर दिया जाए । शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार.बार परेशान ना होना पड़े ।कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाए।उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी , परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी,एसडीएम सदर,तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

# अपर जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा की बैठक की

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की। बैठक में माानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आर0सी0 का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये। लक्ष्य को पूरा न करने वालों की जिम्मेदारी तय करे हुए आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि तहसीलों का काम समयबद्ध और बेहतर तरीके से करने के लिए कड़ाई के साथ उप जिलाधिकारी व तहसीलदार राजस्व कार्मिकों से दायित्वबोध के साथ पेश आयें और जरूरत पड़ने पर उचित कदम भी उठायें। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाये, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये, किसी भी हाल में जनता के साथ अन्याय न होने पायें। नगर पालिका व नगर पंचायत अपने कार्य क्षेत्रों में सुधार लायें, नगर क्षेत्रों में विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही अतिक्रमण मुक्त पर ध्यान रखें। उन्होंने बैठक में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति न करने, कार्य में शिथिलता बरतने व बैठक में उपस्थित न रहने पर वेतन बाधित करते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार से खनन विभाग द्वारा ओवर लोडिंग व अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश न लगाने, छापेमारी की कार्यवाही में कमी लाने व निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक कार्यों को पूर्ण न करने पर ज्येष्ठ खान अधिकारी, सर्वेयर व खान निरीक्षक को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 22 जनवरी,2024 को मदिरा व मादक पदार्थों की सभी दुकानों को बन्द रखा जाये और आबकारी नियमों के अनुसार 18 वर्ष आयु वर्ग से कम युवकों को मदिरों का बिक्री कदापि ही न किया जाये, इसका कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। राजस्व वसूली, अवैध परिवहन, अवैध खनन व आबकारी से जुड़े मामलों को उप जिलाधिकारीगणों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में अपने स्तर से भी निरीक्षण व जायजा लेते रहें, ताकि किसी प्रकार की समस्या न होने पायें।

# युग चेतना महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निकाली नयनाभिराम शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के युगचेतना महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भगवा ध्वज हाथ में लेकर नयनाभिराम झांकियां के साथ कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकालकर माहौल को राममय बना दिया। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से कस्बा गुंजायमान होता रहा।इसके पूर्व कालेज प्रागंण में श्रीराम दरबार की भव्य झांकी सजाकर पूजन अर्चन कर शोभा यात्रा का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य ने किया। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो से गुजरकर वापस कालेज प्रांगण में संपन्न हुई। अखंड परमधाम के संरक्षक युग पुरुष स्वामी परमानंद गिरि जी महाराज की संस्था युग चेतना महाविद्यालय के प्रबंधक स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज के निर्देश पर कालेज के प्राचार्य डा. अनिल कुमार पांडेय ने विशाल शोभायात्रा का आयोजन कराया। कालेज प्रांगण में श्रीराम दरबार की नयनाभिराम झांकी को सजाकर पूजन अर्चन करके शोभा यात्रा को कस्बे की ओर रवाना किया गया। नजरपुर मोड़ से हाईवे होते हुए शोभा यात्रा बस स्टैंड, पैलानी मार्ग होकर गायत्री तपोभूमि होते हुए कालेज प्रांगण में जाकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा के गुजरने से कस्बे के माहौल राममय हो गया। शोभा यात्रा में कालेज के सभी प्रवक्ताओं के साथ छात्र छात्राएं शामिल रहे।

## श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तैयारियां हुई पूर्ण

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर।श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी की तैयारी के क्रम में विश्व हिंदू परिषद के नगर समन्वयक डॉ अवधेश मिश्रा ने बताया कि 21 जनवरी दिन शनिवार के दिन संघ कार्यालय लक्ष्मीबाई तिराहे से मोटरसाइकिल शोभा यात्रा नगर क्षेत्र में निकाली जाएगी जिसका समय दोपहर में 2:00 बजे से रखा गया है इसके बाद सोमवार को सभी मंदिरों में स्वच्छता कार्यकम तथा सजावट का कार्य किया जाएगा, सोमवार को विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे एवं रात्रि में दीपोत्सव मनाया जाएगा नगर के तीन स्थान संघमेंश्वर मंदिर, गौरा देवी मंदिर एवं रेमेडी अखाड़ा में प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण की व्यवस्था हेतु एलईडी स्थापित रहेगी तथा जनमानस के बैठने की सामूहिक व्यवस्था रहेगी, इसके अलावा नगर के निम्न मंदिरों में भंडारे की भी व्यवस्था की जाएगी इसके अलावा रोडवेज बस स्टैंड हनुमान मंदिर, बलदाऊ मंदिर, महावीर मंदिर दीक्षित चौराहा, देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर, पातालेश्वर मंदिर, गौरा देवी, राधा कृष्ण मंदिर,कल्पवृक्ष, बड़ा देवी मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक के द्वारा विजेता खिलाडियों को परितोषक वितरित किया

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। जिला एथलेटिक्स एशोसियेशन के माध्यम से स्पोर्ट्स स्टेडियम हमीरपुर में जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गयो जिसमें जिले के समस्त विद्यालयों के 14 वर्ष तथा 16 वर्ष के बालक तथा बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक के द्वारा विजेता खिलाडियों को परितोषक वितरित किया गया चयन समिति के माध्यम से 19 वीं नेशनल इण्टर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगता अहमदाबाद गुजरात के तत्वाधान में एक माह का कैम्प के लिये प्रेम कुमार, हृदेश दीक्षित कृष्णा कुमार गौरी यादव, कुलदीप, सत्यशी खेवरिया मिताशी, तनीवी पाल रिसी कुमार, नैन्सी, दीक्षा,भावना राजपूत, मोहनी का चयन किया गया है। अध्यक्ष- असद एजाज उप सचिव जावेद हबीब, आर्गनाइजर सिकेट्री सार्थक द्विवेदी. धर्मेन्द्र दीक्षित राममनोहर दिलीप कुमार राजकुमार, अरसद अंसारी एवं समस्त एशोसियेशन के पदाधिकारी व सदस्य कार्यकम में उपस्थित रहें। समस्त खिलाड़ियों के ए.एफ. आई में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। तभी जूनियर नेशनल प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता में भाग ले सकेगें।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# 24 को आउट होगा 'छोटे मियां बड़े मियां' का टीजर

**मुंबई।** साल 2024 में कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं, उन्हीं में से एक है अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित एक्शन से भरपूर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'। इस फिल्म को पूजा एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रही है। फिल्म में पहली बार दो एक्शन स्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का टीजर मेकर्स 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के खास मौके पर रिलीज करने वाले हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने 'छोटे मियां बड़े मियां' का नया पोस्टर रिलीज किया है।

लाइफ Style

# रश्मिका थप्पड़ सीन में हुई थीं परेशान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और रणबीर कपूर स्टारर एनिमल को रिलीज हुए एक महीने से ज्यादा का समय हो चुका है, लेकिन फिल्म को लेकर अभी भी बज बन हुआ है। फिल्म में रश्मिका ने रणबीर कपूर की पत्नी गीतांजली का रोल प्ले किया है। कहानी में एक ऐसा सीन आता है, जहां रश्मिका रणबीर को थप्पड़ मारती हैं।

उनके लिए रणबीर के साथ ये सीन करना बिल्कुल भी आसान नहीं था, रश्मिका खुद इस सीन को करते वक्त फूट-फूट रोईं थीं। रश्मिका मंदाना ने एक इंटरव्यू के दौरान इस सीन को लेकर शूट के पीछे की सच्चाई बताई है। रश्मिका ने बताया है, संदीप वांगा हमसे बोलते हैं, जब भी कोई सीन करो तो उसे फील करो और मैं इस सीन को करते वक्त बहुत रोई हूं, मैंने रणबीर को थप्पड़ मारा और मैं जोर-जोर से चिल्लाने लगी और मैंने रणबीर से जाकर पूछा तुम ठीक हो। रश्मिका ने बताया वो सीन शूट करते वक्त बहुत परेशान हो गई थीं, फिर उन्हें संदीप रेड्डी वांगा की बात याद आई कि सीन को करते वक्त बस उसे फील करो उसके बाद एक टेक में पूरा सीन शूट हुआ। रश्मिका ने बताया कि मैं समझ ही नहीं पा रही थी मेरे साथ क्या हो रहा है। उन्हें एक्शन और कट बोलने के बीच का कुछ भी याद नहीं था, उनका दिमाग एक दम ब्लैंक हो गया था, वो आगे कहती हैं कि मैं खुद से हैरान थी कि मैंने एक टेक में ये सीन शूट किया। बहरहाल रश्मिका की एक्टिंग उनके फैंस को बहुत पसंद आई है और फिल्म ने 900 करोड़ से भी ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।



## हॉलीवुड मसाला




# क्रिस्टन ने दिया चौंकाने वाला बयान

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट फिल्मों के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। जब वो 17 साल की थीं, तब 'ट्वाइलाइट' मूवी रिलीज हुई थी और वो रातोंरात स्टार बन गई थीं। मूवी के लीड एक्टर रॉबर्ट पैटिनसन संग उनके अफेयर की खबरें खूब छपीं, लेकिन एक्ट्रेस ने उस वक्त सबको चौंका दिया, जब उन्होंने अपना पूरा हुलिया बदल लिया और लड़की को डेट करने लगीं। रिपोर्ट्स कहती हैं कि क्रिस्टन लेस्बियन हैं।



# स्ट्राइप्ड टॉप में दिखा हैली का स्टाइलिश लुक

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस हैली बीबर अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों के चलते चर्चा में रहती हैं। हैली बीबर अक्सर फैंस के साथ अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जो इस समय चर्चा में हैं। दरअसल, हैली बीबर को हाल ही में एलए में एरेव्हॉन में स्पॉट किया गया। इस दौरान उनका स्टाइलिश लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो हसीना स्ट्राइप्ड टॉप के साथ स्ट्रेस कट डेनिम बॉट्स में स्टनिंग दिखीं। इसके साथ उन्होंने ब्राउन कोट पेयर किया था। मिसेज बीबर ने शोल्डर बैग और कैटी शेड्स से लुक को पूरा किया था। फैंस हसीना के इस लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।



# विद्या ने किया स्कैम का पर्दाफाश

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन एक बार फिर अपने पोस्ट की वजह से सुर्खियों में छा गई हैं। अब उन्होंने अपने साथ हुए स्कैम का पर्दाफाश किया है। सोशल मीडिया पर किसी ने उनके खिलाफ एक बड़ी साजिश रची है। खुद एक्ट्रेस ने सामने आकर अब अपने फैंस को आगाह किया है। इसके साथ ही विद्या बालन ने सभी लोगों से हाथ जोड़कर खास गुजारिश की है और मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें उन्होंने अपने साथ हुए पूरे किस्से का खुलासा हुआ है। एक्ट्रेस ने अपने इस पोस्ट में लिखा है कि कोई उनके नाम का अकाउंट इस्तेमाल कर रहा है और लोगों को यकीन दिला रहा है कि वो मैं हूं। मेरी टीम ने और मैंने इसे रिपोर्ट कर दी है, लेकिन आप लोगों को भी इसे रिपोर्ट करना चाहिए, ये एक



# शैतान की रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** एक्टर अजय देवगन की एक और फिल्म के रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। अजय देवगन जल्द ही ब्लैक मेजिक पर अधारित हॉरर फिल्म शैतान में नजर आने वाले हैं। अजय ने एक ट्वीट कर इसका ऐलान किया है। उन्होंने फिल्म का पोस्टर पोस्ट करते हुए फैंस को फिल्म की रिलीज डेट बता दी हैं। एक्टर के इस पोस्ट में लिखा है, शैतान आपके पास 8 मार्च को सिनेमाघरों में आ रहा है। बता दें कि, ये एक सस्पेंस और थ्रिलर से भरी एक हॉरर फिल्म है। इसमें इंडिया में किस तरह से काला जादू होता है और कैसे उसका असर होता है इसके बारे में दिखाया जाएगा। फिल्म जियो स्टूडियो, देवगन फिल्म और पेनारोमे स्टूडियो के बेनर तले बनाई जा रही है। इस फिल्म को अजय देवगन ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, फिल्म को कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक डायरेक्ट कर रहे हैं। 8 मार्च

## टीवी मसाला

# श्रद्धा के साड़ी लुक पर फैंस हुए फिदा



**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या ने अपने हालिया फोटोशूट से फैंस और फैशन लवर्स को चौंका दिया है, जिसमें वो बेहद खूबसूरत ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अपने साड़ी लुक से इंप्रेस करने में कभी फेल नहीं होतीं। साथ ही, श्रद्धा वेस्टर्न कपड़ों में भी छा जाती हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बला सी खूबसूरत लग रही हैं। वीडियो किसी शादी का लग रहा है लेकिन ब्लू ड्रेस में सजीं श्रद्धा से नजरें हटाना मुश्किल है। श्रद्धा ने वीडियो में ब्लू कलर की ड्रेस पहन रखी है और हैवी मेकअप के साथ वो अपने बालों को लहरा रही हैं। श्रद्धा का ये लुक उनके फैंस को भी बहुत पसंद आ रहा है।

## फैमिली संग महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंचीं मुस्कान



**मुंबई।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' में नजर आने के बाद मुस्कान बामने की पॉपुलेरिटी काफी बढ़ गई है। शो में मुस्कान ने पाखी के किरदार में खूब सुर्खियां बटोरी। वहीं, अब शो छोड़ने के बाद भी वह काफी चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में मुस्कान बामने परिवार के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। मुस्कान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर महाकाल के दर्शन की तस्वीरें शेयर की हैं।

# 22 को बड़े पर्दे पर आएगी मडगांव एक्सप्रेस

**मुंबई।** कुणाल खेमू के निर्देशन में बने 'मडगांव एक्सप्रेस' की रिलीज डेट से आखिरकार पर्दा उठ गया है। दरसअल, निर्माताओं ने फिल्म का पहला लुक जारी करते हुए यह साफ़ कर दिया है कि इसे 22 मार्च को रिलीज़ होगी। इसमें मौजूद कलाकारों की बात करें तो इसमें दिव्येंदु, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी टैलेंटेड एक्टर्स मौजूद हैं, जिन्हें मिर्ज़ापुर, स्कैम 1992, और बंबई मेरी जान में अपने आइकोनिक रोल्स के लिए जाना जाता है। इसमें और भी चार चांद लगाने के लिए, नोरा फतेही की करिश्माई मौजूदगी है। फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के द्वारा एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर के साथ किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस' एक कॉमेडी फिल्म है, जिसमे तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, जो पूरी तरह से अपने ट्रेक से भटक जाते हैं। दर्शकों को जरदस्त मनोरंजक हास्य, मजाकिया डायलॉग और एक कहानी का एक शानदार मिश्रण मिलने वाला है।



## तापसी ने कहा, 10 साल से हूं एक इंसान के संग



**मुंबई।** एक्ट्रेस तापसी पन्नू और पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मैथियास बोए के बीच डेटिंग की खबरें सुर्खियों में बनी रहती हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अभी तक अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात नहीं की थी। हाल ही में, एक इंटरव्यू में तापसी ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की है। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या एक सेलिब्रिटी होने के बाद डेट करना मुश्किल हो जाता है। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि उन्हें यह नहीं पता, क्योंकि वह पिछले दस सालों से एक ही इंसान के साथ हैं।

## नयनतारा ने मांगी माफी

**मुंबई।** एक्ट्रेस नयनतारा इन दिनों अपनी फिल्म 'अन्नपूर्णी' को लेकर चर्चा में हैं। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगने के बाद अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर माफी मांगी है। उन्होंने ये भी बताया कि वो खुद मंदिरों के दर्शन करने जाती हैं, भगवान में आस्था रखती हैं, जो कुछ भी हुआ वो अनजाने में हुआ है। नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया, जिसकी शुरुआत में ओम और जय श्री राम लिखा था। इसके बाद वो आगे लिखती हैं, मैं ये लेख भारी हृदय और सत्यता के आधार पर लिख रही हूं। पिछले कुछ समय से जो भी स्थितियां हमारी फिल्म 'अन्नपूर्णी' को लेकर उत्पन्न हुई है, मैं उन सब के संबंधित सभी देशवासियों को संबोधित करना चाहती हूं। एक्ट्रेस ने लिखा, ईमानदारी से एक पॉजिटिव मैसेज पहुंचाने की हमारी कोशिश में हमसे अनजाने में आप लोगों की भावनाएं आहत हुईं। हमें ये बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि पहले सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी हमारी सेंसरयुक्त फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटा दिया जाएगा। मेरी व मेरी टीम का इरादा किसी की भी भावनाओं व आस्था को ठेस पहुंचाना नहीं था।'




## इस बात का खुलासा खुद अभिनेत्री ने किया है

# मुमताज को मिला था बी ग्रेड एक्ट्रेस का टैग, सुनाई आपबीती

80 के दशक की सबसे चर्चित और डिमांडिंग अदाकारा मुमताज के लोग आज भी दीवाने हैं। उन्होंने अपनी शानदार अदाकारी और बेमिशाल खूबसूरती से दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया था। एक दौर था, जब हिंदी सिनेमा पर उनके नाम का डंका बजता था।

**मुंबई।** लेकिन यहां तक का सफर उनके लिए आसान नहीं था। जी हां, फिल्मों में अपनी पहचान बनाने से पहले मुमताज को बी-ग्रेड हीरोइन का टैग दिया गया था। इस बात का खुलासा खुद अभिनेत्री ने किया है। मुमताज ने कहा कि मैंने अपने करियर के शुरुआती दौर में छोटे-छोटे रोल किए थे, जिस वजह से इंडस्ट्री में मुझे ये टैग दिया गया। लेकिन मैं चुपचाप अपना काम करती गई यह सोचकर की भगवान एक दिन न्याय जरूर करेंगे। मुमताज ने आगे ये भी कहा कि मेरे साथ कोई भी हीरो काम नहीं करना चाहता था। लेकिन मैं एक्टर्स को दोषी नहीं ठहराना चाहूंगी क्योंकि हर कोई अपने करियर में सफलता की सीढ़ियां चढ़ना चाहता है। मेरी ही शुरुआत गलत थी।



### *दिलीप कुमार ने बदल डाली किस्मत*

*मुमताज ने कहा कि दिग्गज फिल्ममेकर महबूब साहब की नजर मुझपर पड़ी। उन्होंने मेरी एक फिल्म का सीन दिलीप कुमार को दिखाया और उनसे पूछा कि क्या वह इस एक्ट्रेस के साथ काम करना चाहेंगे? उन्होंने तारीफ करते हुए कहा कि लड़की बहुत अच्छी अभिनेत्री है। आगे कहा कि दिलीप कुमार मेरे साथ काम करने के लिए तैयार हो गए थे। हम दोनों को 'राम और श्याम' के लिए साइन किया गया था। लेकिन जब ट्रायल शॉट दिया तो दिलीप कुमार ने महबूब से इस बात को लेकर चिंता जताई थी कि उनकी और मेरी उम्र में काफी अंतर है। हांलाकि, बाद में वो राजी हो गए।*

### *नहीं किया कभी भेदभाव*

*मुमताज ने आगे बताया कि जब मैं एक सफल अभिनेत्री बनी तो मैंने कभी भी किसी एक्टर के साथ काम करने से मना नहीं किया। मैं हमेशा अपने उस दौर के बारे में सोचती थी जब कोई मेरा साथ काम करने को तैयार नहीं था। वहीं जब मुझे भगवान ने इस लायक बनाया तो मैंने कभी एक्टर्स के बीच भेदभाव नहीं किया। मैं यही सोचती थी कि अगर मेरे में क्षमता है तो, मैं इस चीज को दोहराना नहीं चाहूंगी, जो मेरे साथ हुआ। मैं सबके साथ काम करने के लिए तैयार थी। अगर एक्टर अच्छा नहीं होगा तो उन्हें आगे चलकर काम नहीं मिलेगा। अच्छा होगा तो और काम मिलेगा।*